Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# विश्व परिवार

● अंक : 96 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शुक्रवार 27 सितंबर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



दूसरों के दुख को देखकर उसके प्रति दुख को दूर करने के भाव ही धर्म ध्यान है।
Seeling the grief of others, arousal of feeling of relieving their grief is precisely the virtuous meditation.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## मुख्यमंत्री साय ने बगिया में किया 3 विद्युत केन्द्र का लोकार्पण

### कुनकुरी के आस-पास के 70 गांवों को मिलेगी गुणवत्ता युक्त विद्युत आपूर्ति

**कुंजारा, ढोकड़ा और साहीडांड 7 करोड़ 84 लाख की लागत से बनाए गए हैं नए विद्युत उपकेन्द्र**



**कुनकुरी में उप क्षेत्रीय भंडार कार्यालय और सन्ना में नवीन तहसील कार्यालय भवन लोकार्पित**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के ग्राम बगिया में 8.55 करोड़ रुपए के विकासकार्यों का लोकार्पण किया। इसमें कुंजारा, ढोकड़ा और साहीडांड में नव-निर्मित विद्युत उपकेन्द्र शामिल है। इन तीनों 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र की लागत 7.84 करोड़ रूपए है। इसके अलावा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कुनकुरी में उप क्षेत्रीय भंडार और सन्ना में निर्मित नवीन तहसील कार्यालय भवन का भी लोकार्पण किया।

कुनकुरी अंचल में तीन विद्युत उपकेंद्र बनने से गावों के लोगों को विद्युत की आपूर्ति में आने वाली दिक्कत से निजात मिलेगी। इससे कुनकुरी और आस-पास के 70 गांवों में 11 हजार उपभोक्तओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। वहीं सन्ना में नवीन तहसील कार्यालय भवन के निर्माण से राजस्व के मामलों के निराकरण में तेजी आएगी।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि ग्राम दोकड़ा के विद्युत उपकेन्द्र से 25 ग्रामों 3500 से अधिक उपभोक्ताओं, कुंजारा के उपकेन्द्र से 23 ग्रामो के लगभग 3850 उपभोक्ताओं और साहीडांड के उपकेन्द्र से 22 ग्रामो के 4270 उपभोक्ताओं को गुणवत्ता युक्त विद्युत आपूर्ति की जा रही है। तीनों ही विद्युत उपकेन्द्रों में 3.15 एम.व्ही.ए. का पॉवर ट्रान्सफॉर्मर लगाया गया है।

इसी प्रकार कुनकुरी में उप क्षेत्रीय भंडार स्थापित होने से ट्रान्सफॉर्मर सहित अन्य विद्युत उपकरणों की आपूर्ति में आसानी होगी। पहले 150 से 200 कि.मी. की दूर सूरजपुर जिले में स्थित क्षेत्रीय भंडार, बिश्रामपुर ट्रान्सफॉर्मरों की आपूर्ति होती थी। जिसमें अधिक समय व लागत लगती थी। कुनकुरी में मिनी डिपो स्टोर खुलने से दूरी एवं समय बचने के साथ ही विद्युत सामग्री मिलने में सुविधा होगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री उपेन्द्र यादव, श्री भरत सिंह, पूर्व विधायक श्री रोहित साय, डीडीसी श्री सालिक साय, श्री भुनेश्वर सिंह केशर, श्री अमन शर्मा, श्री रामदेव कायता, ठाकुर पुरुषोत्तम सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने रायपुर के नालंदा लाइब्रेरी में युवाओं से किया संवाद

**प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रतिभागी युवाओं के लिए नालंदा लाइब्रेरी मददगार**

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी की सराहना की**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा रायपुर प्रवास के दौरान आज शाम मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं वित्तमंत्री श्री ओ. पी. चौधरी के साथ नालंदा परिसर पहुंचे। उन्होंने वहां लाइब्रेरी में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से संवाद किया। श्री नड्डा ने यूपीएससी, सीजीपीएससी सहित अन्य भर्ती परीक्षाओं की तैयारी के लिए नालंदा लाइब्रेरी में अध्ययन की हाईटेक सुविधा, बैठक व्यवस्था एवं सकारात्मक वातावरण की तारीफ की। केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने रायपुर में नालंदा परिसर को उसके नाम के अनुरूप स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं वित्तमंत्री श्री ओ.पी. चौधरी की सराहना की। श्री नड्डा ने नालंदा लाइब्रेरी से आरएफआईडी के माध्यम से पुस्तक इश्यू होने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने युवाओं से संवाद करते हुए उनके द्वारा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों के बारे में भी जानकारी ली।

नालंदा लाइब्रेरी से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर विभिन्न पदों पर चयनित युवाओं ने केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा से संवाद किया और कहा कि यह लाइब्रेरी युवाओं के अध्ययन के लिए चौबीसों घंटे खुली रहती है। यहां पढ़ाई का बेहतर वातावरण एवं इंटरनेट की सुविधा भी उपलब्ध है। केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने सभी युवाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नालंदा लाइब्रेरी युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए बड़ी मददगार साबित होगी। छत्तीसगढ़ में युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आईटी को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय के प्रयासों को सराहा और कहा कि इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बनेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा राज्य के 22 शहरों में नालंदा परिसर रायपुर के तर्ज पर ही सर्वसुविधा युक्त लाइब्रेरी की स्थापना को अच्छी पहल बताया और कहा कि इससे राज्य के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने में मदद मिलेगी।

वित्तमंत्री श्री ओ.पी चौधरी ने केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा को नालंदा लाइब्रेरी के बारे में जानकारी देते हुए बताया यहां एक हजार युवा एक साथ बैठकर अध्ययन कर सकते है। लाइब्रेरी में 200 एमबीपीएस इंटरनेट की सुविधा है और अध्ययनरत छात्रों के मांग के अनुसार पुस्तकें उपलब्ध कराई जाती है।

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर विधि विभाग में 362 रिक्त पदों पर होगी भर्ती, वित्त विभाग ने दी मंजूरी

**शासकीय विभागों में भर्ती का सिलसिला जारी**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में शासकीय विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए वित्त विभाग की स्वीकृति एवं विभागों द्वारा भर्ती विज्ञापन का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, नगर सैनिकों सहित अन्य विभागों में रिक्त पदों की भर्ती की वित्त विभाग द्वारा स्वीकृति एवं भर्ती की लंबित प्रक्रिया शुरू करने की सहमति के बाद विभाग भर्ती की प्रक्रिया को पूरा करने में जुटे हैं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर वित्त विभाग ने न्यायालयों में रिक्त पदों पर नई भर्ती की मंजूरी दे दी है। न्यायालयों में कुल 362 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों की कमी को दूर कर न्यायपालिका के कार्यों को सुचारू बनाना है। उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव के निर्देशानुसार विधि विधायी विभाग द्वारा रिक्त पदों की पूर्ति के लिए वित्त विभाग को प्रस्ताव प्रेषित किया गया था। मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पर विधि एवं विधायी विभाग की प्रस्ताव पर वित्त विभाग ने तत्काल स्वीकृति प्रदान की है।

वित्त विभाग से मंजूरी मिलने के बाद न्यायालयों में व्यवहार न्यायाधीश के 57, स्टेनोग्राफर के 46, सहायक ग्रेड-3 के 118, स्टेनोटायपिस्ट के 07, वाहन चालक के 08, प्रोसेस सर्वर के 05 और चौकीदार, गार्डनर, स्वीपर, वाटरमेन के 83 एवं एक सहायक प्रोग्रामर के रिक्त पदों की पूर्ति का रास्ता खुल गया है। राज्य के न्यायालयों में रिक्त पदों की भर्ती होने से न केवल न्यायालयों में कार्य दक्षता बढ़ेगी, बल्कि न्यायिक प्रक्रियाओं में तेजी लाने में भी मदद मिलेगी। न्यायालयों में कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या होने से कामकाज का निष्पादन भी समय पर हो सकेगा।

## विधानसभा में बोले अरविंद केजरीवाल- 27 साल से भाजपा का दिल्ली में वनवास, ये जनता को परेशान करके सत्ता में आना चाहते हैं



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा सत्र के दौरान दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, मैं 3-4 दिन पहले भाजपा के एक बड़े नेता से मिला। मैंने उससे पूछा कि मुझे गिरफ्तार करके आपको क्या मिला? बोला कि आपके पीछे से हमने पूरी दिल्ली ठप्प कर दी... मैं स्तब्ध रह गया कि देश की राजधानी के 2 करोड़ लोगों की जिंदगी खराब करके वे खुश हो रहे हैं... उनका मकसद था आम आदमी पार्टी की सरकार को बदनाम करना ताकि उनको वोट मिल जाएं... 27 साल से भाजपा का दिल्ली में वनवास है अब ये दिल्ली की जनता को परेशान करके वोट लेना चाहते हैं। आपके पास तो केंद्र सरकार है। केंद्र सरकार के पास अथाह पैसा है। केजरीवाल 500 मोहल्ला क्लीनिक बनाता है आप 5000 मोहल्ला क्लीनिक बनाओ न दिल्ली में। आपको कौन रोक रहा है?... जनता बड़ी सयानी है। जनता देखती है, चुप रहती है। वोट वाले दिन जब बटन दबाने जाती है तो अपना गुस्सा जाहिर करती है।

पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, दिल्ली की जनता के मन में दो बातें हैं। पहली केजरीवाल कट्टर ईमानदार है और दूसरा केजरीवाल जनता के लिए काम करता है... वे(भाजपा) उन दोनों बातों पर चोट करना चाहते थे... उन दोनों बातों पर चोट किया। मुझ पर फर्जी केस किया... सबको जेल में डाल दिया।






# विश्व परिवार

रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार

रायपुर, शुक्रवार 27 सितंबर 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संक्षिप्त समाचार

### मनाया गया रासेयो स्थापना दिवस व जन जागरूकता लाने किया आह्वान



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कल्पना उपाध्याय, रासेयो की जिला संगठक डॉ सुनीता त्यागी व कार्यक्रम अधिकारी प्रो रोशनी लता राकेश ने रासेयो के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर रासेयो के लक्ष्य गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य डॉ उपाध्याय ने स्थापना दिवस की बधाई देते हुए एन एस एस के माध्यम से जन जागरूकता लाने का आह्वान किया। जिला संगठक सुनीता त्यागी ने महाविद्यालय इकाई स्तर पर उपलब्धियों के लिए स्वयं सेवी छात्राओं के कार्यों की सराहना की व महाविद्यालय के विकास में सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। इकाई की कार्यक्रम अधिकारी रोशनी लता ने एन एस एस की नियमित गतिविधियों, विशेष शिवर व पुरस्कार के विषय मे छात्रों को जानकारी दी। उन्होंने रासेयो की स्थापना व उद्देश्य पर प्रकाश डाला।उन्होंने माई भारत पोर्टल से जुड़ कर विभिन्न गतिविधियों के चित्रों को शेअर करने कहा। महाविद्यालय के प्रो सूर्यकांत साहू ने व्यक्तित्व विकास में रासेयो की गतिविधियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसमे मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ी नृत्य, नशा मुक्ति, स्वच्छता, दिव्यांगता पर नाटक थे। कार्यक्रम का संचालन सोनिया फेकर व सरिता पाल ने किया

### जगदीश वर्मा को हरियाणा चुनाव विधानसभा क्षेत्र 88 बल्लभगढ़ का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया



**बीरगांव (विश्व परिवार)।** बीरगांव नगर निगम के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पूर्व पार्षद सभापति जगदीश वर्मा को हरियाणा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश एव छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देष पर एव एआईसीसी के आदेश पर हरियाणा विधानसभा के बल्लभगढ़ 88 के पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी गई है।

## दीक्षार्थियों की बिनौली यात्रा और गोदभराई में उमड़े जैन धर्मावलंबी

### भारत के बेटियों की राजधानी दिल्ली में होगी जैनेश्वरी दीक्षा




**झांसी (विश्व परिवार)।** राष्ट्रयोगी जैनाचार्य श्री विमर्शसागर जी महामुनिराज के द्वारा देश की राजधानी दिल्ली में होने जा रही 12ब्रह्मचारिणी बहनों सहित 1 ब्रह्मचारी भैया जी की भगवती जैनेश्वरी दीक्षा के पूर्व वीरभूमि झांसी नगर की स्थानीय जैन समाज के द्वारा समस्त 13 दीक्षार्थियों को रथ और बग्गियों पर बैठाकर भव्य बिनौली शोभायात्रा निकालकर जगह जगह स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर श्रीमति मंजू- एंजी हुकुमचंद जैन, श्रीमति कनिका- शशांक जैन को दीक्षार्थियों के धर्म के माता- पिता बनकर रथ के सारथी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। रानी लक्ष्मीबाई के स्वरूप में घोड़े पर सवार श्रीमति आकृति जैन शोभायात्रा में शामिल रहीं। इस दौरान वरिष्ठ व्यापारी नेता शैलेंद्र जैन के नेतृत्व व नगर निगम की उपसभापति प्रियंका साहु के मुख्य आतिथ्य में विकास जैन, रितु जैन, आदित्य जैन ने रानीमहल के पास शोभायात्रा का स्वागत किया। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप के अध्यक्ष अभिनंदन मोदी के नेतृत्व में आलोक जैन विश्वपरिवार, अतुल जैन सर, देवेश जैन केडी, अखिल जैन सोनू, विकल्प जैन ने पुष्पवर्षा कर स्वागत सत्कार किया। पुलक जन चेतना मंच (गुदरी शाखा) के अध्यक्ष धरणेंद्र जैन की अगुवाई में विशाल जैन गुदरी, अरुण जैन सिर्स, प्रभात जैन मार्वल, रविन्द्र जैन कामरेड, विवेक जैन नायक, दीपक जैन रेलवे, ने बजाजा बाजार में स्वागत सत्कार किया। समाजसेवी रवींद्र सिंघई, उषा जैन, विशाल सिंघई, दीपाली जैन ने खोवामण्डी में शोभायात्रा का स्वागत सत्कार किया। शोभायात्रा में डांडिया भक्ति नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जैन महिला मंडल के महिलाएं और बालिकाएं भक्ति नृत्य करते हुए चल रही थी। निर्णायक की भूमिका निभाते हुए श्रीमति रितु जैन (प्रेस) ने श्रीमति पूनम जैन, सारिका जैन, ऐना जैन के नवोदय बहु मंडल ग्रुप को प्रथम स्थान, महावीर ग्रुप कटरा को द्वितीय स्थान, जिनागम बहु मंडल ग्रुप को तृतीय स्थान दिया। बाकी समस्त प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। **-सौरभ जैन सर्वज्ञ**

### 112 विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 5 करोड़ 7 लाख रु. की मिली स्वीकृति

**कवर्धा (विश्व परिवार)।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कबीरधाम जिले के समग्र विकास के लिए 5 करोड़ 7 लाख 24 हजार 900 रुपए की स्वीकृति मिली है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की विभिन्न निर्माण कार्यों की मांग पर, श्री शर्मा ने मंडी बोर्ड, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना और मनरेगा के तहत 112 विकास कार्यों की स्वीकृति दी है। इन कार्यों से जिले में बुनियादी सुविधाओं में सुधार होगा और विकास को गति मिलेगी। इससे क्षेत्रवासियों को मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार होगा। नए विकास कार्यों में सड़कें, भवन, तालाब सौंदर्यीकरण, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन और रंगमंच जैसी सुविधाओं का समावेश होगा, जिससे जिलेवासियों को सीधा लाभ मिलेगा।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर

### निविदा सूचना

क्रमांक 64/नपानि / जोन-4/लो.क.वि./2024 — रायपुर दिनांक 26.09.2024

आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर की ओर से प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति (प्रथम में अमानती राशि, अन्य कागजात एवं द्वितीय में निविदा प्रपत्र) में सील बंद निविदाएं स्पीड पोस्ट से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

1 आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 03.10.2024 को सायं 5.30 बजे तक
2 निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि- 04.10.2024 को सायं 5.30 बजे तक
3 निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि- 11.10.2024 को सायं 4.00 बजे तक
4 निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 11.10.2024 को सायं 4.30 बजे से

| क्र. | कार्य का विवरण | प्राक्कलन राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | अवधि | निविदा प्रपत्र | एस.ओ.आर/नॉन एस.ओ.आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड क्रं. 64 अंतर्गत टिकरापारा मंडल देवांगन समाज छात्रावास निर्माण कार्य। (मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत) (द्वितीय निविदा) | 15.00 | 15000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे ऊपर | 4 माह | प्रपत्र "अ" | पीडब्ल्यूडी भवन / रोड एस.ओ. आर. दिनॉक 01/01/2015 एवं विद्युत एस.ओ.आर. 2020 |

**नोट**- 1. निविदा से संबंधित दस्तावेज /छ.ग. पीडब्ल्यूडी का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र/जीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र/पेन कार्ड/विगत 03 साल का इनकम टैक्स रिटर्न (नवीन पंजीकृत ठेकेदार/फर्म के लिये यह लागू नहीं होगा) / विगत 03 माह का जीएसटी रिटर्न / राशि रू. 100/- का शपथ पत्र (निविदा जारी होने के बाद का नोटराईजड )/ राशि 2.00 लाख से अधिक के कार्यों के लिये कम से कम 15 प्रतिशत तक जीवित्त बैंक सॉल्वेंशी स्वीकार किया जावेगा। (राष्ट्रीयकृत बैंक का अमानती राशि (एफ.डी.आर. के रूप में) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय होगा।) (लिफाफा निविदा जारीकर्ता अधिकारी के नाम से पोस्ट किया जावे) निर्धारित अवधि में यदि किसी दिन अवकाश होता है, तो उल्लेखित कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर सम्पन्न की जावेगी।
2. निविदा से संबंधित नियम एवं अन्य शर्ते जोन क्रमांक 04 कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।
3. उक्त निविदा नगर निगम के वेबसाईट **nagar nigam raipur.nic.in** में देखी जा सकती है।
4. निविदा अंतर्गत (**3rd Party Inspection**) की राशि का भुगतान ठेकेदार द्वारा किया जायेगा जो कि कुल स्वीकृत राशि के 0.60 प्रतिशत एवं जीएसटी अतिरिक्त होगा।

**घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।**

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्रमांक 4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**



## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, अटल नगर

### // बिजली बंद की सूचना //

समस्त सम्मानीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि सेजबहार वितरण केन्द्र के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र से निकलने वाली 33 के.व्ही. एवं 11 के.व्ही. लाईनो का दीपावली पूर्व मेंटनेंस एवं मरम्मत कार्य निम्नानुसार प्रस्तावित है। नीचे दिये गये तिथियों में विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, जिसके कारण उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडर एवं दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्र. | दिनांक | दिन | समय | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 27.09.2024 | शुक्रवार | सुबह 10:00 बजे से दोप, 04:00 बजे तक | 11 के.व्ही. सेजबहार नं. 3 | सेजबहार हाउसिंग बोड |
| 02 | 28.09.2024 | शनिवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 33/11 के0व्ही0 सेजबहार | सेजबहार हाऊसिंग बोर्ड, सेजबहार बस्ती, मुजगहन थाना और संबंधित क्षेत्र |
| 03 | 30.09.2024 | सोमवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 33/11 के0व्ही0 दत्तरेंगा | दत्तरेंगा, कान्दूल, काठाडीह, डोमा, गोल्फ ग्रीन सिटी, महावीरा कॉलोनी, वॉलफोर्ट वाटिका। |
| 04 | 01.10.2024 | मंगलवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 33/11 के0व्ही0 सिवनी | सिवनी, धुसेरा, खिलोरा हाऊसिंग बोर्ड। |
| 05 | 03.10.2024 | गुरुवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 33/11 के0व्ही0 भटगांव | भटगाँव। |
| 06 | 04.10.2024 | शुक्रवार | सुबह 10:00 बजे से दोप. 04:00 बजे तक | 33/11 के0व्ही0 दतरेंगा दतरेंगा ओ/जी. 33/11 के0व्ही0 दतरेंगा | कुशाभाउ ठाकरे कॉलेज, उच्दाय उपभोक्ता काठाडीह, दतरेंगा, कांदुल, काठाडीह, डोमा, गोल्फ ग्रीन सिटी, महावीरा कॉलोनी, वाल्फोर्ट वाटिका। |
| 07 | 05.10.2024 | शनिवार | सुबह 10:00 बजे से दोप. 04:00 बजे तक | 11 के.व्ही. सेजबहार नं. 1 | सेजबहार हाऊसिंग बोड, सेजबहार बस्ती, मुजगहन थाना एवं संबंधित क्षेत्र। |
| 08 | 07.10.2024 | सोमवार | सुबह 10:00 बजे से दोप. 04:00 बजे तक | 11 के. व्ही. दत्तरेंगा पंप | कांदुल, डोमा बस्ती, गोल्फ ग्रीन, कांदुल वाटर टैंक। |
| 09 | 08.10.2024 | मंगलवार | सुबह 10:00 बजे से दोप. 04:00 बजे तक | 11 के0 व्ही0 दतरेंगा ग्रामीण। | दतरेगा, गैस गोदाम रोड़, कांदुल बस्ती, वॉलफोर्ट पैराडाइस, बगदाई वाटिका। |
| 10 | 10.10.2024 | गुरुवार | सुबह 10:00 बजे से दोप. 04:00 बजे तक | 11 के0व्ही0 दत्तरेगा फीडर | दतरेंगा, आर्दश नर्सिंग स्कूल, संदीप पलास्टर, काठाडीह बस्ती, शिवांस स्कूल, बालफोर्ड वाटिका |
| 11 | 11.10.2024 | शुक्रवार | सुबह 10:00 बजे से दोप. 04:00 बजे तक | 11 के0व्ही0 दत्तरेंगा ग्रामीण। | दतरेंगा, डोमा। |
| 12 | 14.10.2024 | सोमवार | सुबह 10:00 बजे से दोप. 04:00 बजे तक | 11 के0 व्ही0 मुर्रा फीडर | दतरेंगा, सोनकर बाड़ी डोमा, दमाद पारा, मुर्रा बस्ती। |
| 13 | 15.10.2024 | मंगलवार | सुबह 10:00 बजे से दोप. 04:00 बजे तक | 11 के0व्ही0 कैपिटल बिल्डकॉन फीडर | फैन्ड क्लव, नवभारत कालोनी, गूड लक सिटी, आमापारा, जीईसी कॉलोनी सेजबहार। |
| 14 | 16.10.2024 | बुधवार | सुबह 10:00 बजे से दोप.04:00 बजे तक | 11 के0व्ही0 सिवनी पंप फीडर | सिवनी, देवारभांठा, भटगांव। |
| 15 | 17.10.2024 | गुरुवार | सुबह 10:00 बजे से दोप. 04:00 बजे तक | 11 के0व्ही0 खिलोरा फीडर | खिलोरा बस्ती, खिलोरा हाऊसिंग बोर्ड |
| 16 | 18.10.2024 | शुक्रवार | सुबह 10:00 बजे से दोप. 04:00 बजे तक | 11 के0व्ही0 सिवनी फीडर | सिवनी बस्ती, धुसेरा बस्ती एवं. संबंधित क्षेत्र। |
| 17 | 19.10.2024 | शनिवार | सुबह 10:00 बजे से दोप. 04:00 बजे तक | 11 के0व्ही0 धुसेरा फीडर | कपिल इन्डस्ट्रीज एसएसडी फर्नीचर्स, यश सोया,तरवानी शॉप पंकज इन्डस्ट्रीज, सचदेवा कॉलेज, क्लासिक सेल्स (घुसेरा) पद्म श्री। |
| 18 | 21.10.2024 | सोमवार | सुबह 10:00 बजे से दोप. 04:00 बजे तक | 11 के0व्ही0 भटगाँव फीडर | भटगाँव वस्ती, नीलम्बर स्टील, रामफाल चौहान इन्डस्ट्रीज निशा गोयल फार्म हाऊस एवं संबंधित क्षेत्र |
| 19 | 22.10.2024 | मंगलवार | सुबह 10:00 बजे से दोप. 04:00 बजे तक | 11 के0व्ही0 अटल आवास फीडर | लोटस पार्क, औरम सिटी, धनेली बस्ती, अयोध्या पाण्डे, सिद्धी गणेश उद्योग, यूनीकार्न उद्योग एवं संबधित क्षेत्र। |
| 20 | 23.10.2024 | बुधवार | सुबह 10:00 बजे से दोप. 04:00 बजे तक | 33 के0 व्ही0 सेजबहार आई/सी, 33/11 के0व्ही0 सेजबहार | सेजबहार हाउसिंग बोर्ड, सेजबहार बस्ती, मुजगहन थाना एवं संबधित क्षेत्र। |
| 21 | 24.10.2024 | गुरुवार | सुबह 10:00 बजे से दोप. 04:00 बजे तक | 33 के.व्ही. डोमा रावणभांठा, 33/11 के0व्ही0सिवनी | सिवनी, धुसेरा, खिलोरा हाउसिंग बोर्ड। |
| 22 | 25.10.2024 | शुक्रवार | सुबह 10:00 बजे से दोष, 04:00 बजे तक | 33 के.व्ही. भटगांव | भटगांव। |
| 23 | 26.10.2024 | शनिवार | सुबह 10:00 बजे से दोप. 04:00 बजे तक | 11 के0व्ही0 धनेली फीडर | वंशीका तलरेजा गोडऊन, अग्रवाल गोडऊन एवं श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय। |
| 24 | 28.10.2024 | सोमवार | सुबह 10:00 बजे से दोप. 04:00 बजे तक | 33 के0व्ही0 सिवनी ओ/जी | जे.डी. गोईका स्कूल, एस. के. शरदा स्कूल उच्चदाब उपभोक्ता। |

उपरोक्त वि0के0 के तकनीकी कर्मचारी अपने समस्त तैयारियों के साथ प्रात: 08:30 बजे अपने संबंधित 33/11 के.. व्ही. उपकेन्द्र में उपस्थित रहेंगे। उपरोक्त अवधि में कोई भी कर्मचारी अवकाश पर नहीं रहेगें। विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं0 1912 पर दर्ज कराएँ।

**असुविधा के लिए खेद है**

**(एम0एस0हरि)**
**कर्म0 संख्या 4450812**
**कार्यपालन यंत्री (संचा0/संधा0) संभाग**
**छ0स्टे0पॉ0डि0कं0लि0, अटल नगर नवा रायपुर**

SAMVAD- 41580/ 2



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./14442/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 26-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14442**
**वार्ड का नाम-67-भक्तमाता कर्मा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR567G00365** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती RAMDHAN SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JINDAL SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती VENUDHAR PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE RAM NARAYAN PATEL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./14810/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 26-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14810**
**वार्ड का नाम-43-महंत लक्ष्मी नारायणदास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 43 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR561C0139A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **ABHISHEK AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. PRAKASH NARAYAN AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती SHIPRA AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANJAY KUMAR AGRAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./14812/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 26-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14812**
**वार्ड का नाम-67-भक्तमाता कर्मा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR567K00986** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **VAIKANYA MALTI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S.N. MURTI** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती NAMITA SHUKLA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DEVENDRA KUMAR SHUKLA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./14814/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 26-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14814**
**वार्ड का नाम-67-भक्तमाता कर्मा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR663F0355A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **LATA SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LALIT KUMAR SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NAINA MALA DAS** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. RAMESH DAS** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./14816/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 26-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14816**
**वार्ड का नाम-40-ठाकुर प्यारेलाल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 40 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR560E00068** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **RAIPUR VIKASH PRADHIKARAN ADARSH BAZAR KARYAPALAN ADIKARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती ..... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1 MANOHAR KUMAR VERMA S/O LATE. JEEWAN LAL VERMA 2 BHAWNA VERMA W/O MANOHAR KUMAR VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **....** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./14818/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 26-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14818**
**वार्ड का नाम-40-ठाकुर प्यारेलाल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 40 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR560E00060** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **RAIPUR VIKASH PRADHIKARAN ADARSH BAZAR KARYAPALAN ADIKARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती ..... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1 MANMEET SINGH 2. MANINDER PAL SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE CHHATRAPAL SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 466 दिनांक 26.09.2024**
**वार्ड का नाम- इंदिरा गांधी वार्ड**
**वार्ड क्र. 34 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **34** मांग **पंजी क्र. 171 युआईडी 28573** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **संतोष लोहार / रामदास लोहार** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **त्रिवेणी विश्वकर्मा / संतोष विश्वकर्मा** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **25-10-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 467 दिनांक 26.09.2024**
**वार्ड का नाम- जवाहर लाल नेहरू वार्ड**
**वार्ड क्र. 36 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **36** मांग **पंजी क्र. 479 युआईडी 29927** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **मीरा बाई जायसवाल / बाबूलाल जायसवाल** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **पवन कुमार वर्मा / जगदीश प्रसाद वर्मा** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **25-10-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 468 दिनांक 26.09.2024**
**वार्ड का नाम- भारत माता वार्ड**
**वार्ड क्र. 30 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **30** मांग **पंजी क्र. 276 युआईडी 27006** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **कुंती भारतीय / मुन्ना भारतीय** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **अनसुइया शिववंशी / पवन कुमार शिववंशी** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **25-10-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./14406/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 23-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14406**
**वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107E00122** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **S. SATYAM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. S. APPA RAO** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **IIMRAN ALLI ANSARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHRI KAMALUDDIN ANSARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./14506/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 23-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14506**
**वार्ड का नाम- 04 - यतियतन लाल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 04 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR104F0204B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ABHAY GOYAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJESHWAR SHARAN GOYAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **YASH GOYAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ABHAY GOYAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./14686/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 26-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14686**
**वार्ड का नाम- 18 - बाल गंगाधर तिलक वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR110C00307** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **B SHANKAR AYYAPPA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **L. B. BALRAM** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **BARIJA SHRINIVAS RAO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O B SHANKARIAH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **HOUSING BOARD LEASE AGREEMENT**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./14811/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 26-09-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14811**
**वार्ड का नाम-68-खूबचंद बघेल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 68 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR568A00663** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **PRASHANT JASANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KANTI LAL JASANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KAUSHAL SINHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MAHENDRA KUMAR SHENDE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574**
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

***आम-सूचना***

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजना सेजबहार, रायपुर में निर्मित भवन क्रं. **एल.आई.जी.-1380, श्रीमती भारती निर्मलकर पिता श्री चन्द्रहास निर्मलकर,** के नाम पर इस कार्यालय का आदेश क्रं. 1895 दिनांक 27.05.2008 द्वारा एकमुश्त आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 06.11.2009 को सेलडीड पंजीकृत कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में आबंटी **श्रीमती भारती निर्मलकर पिता श्री चन्द्रहास निर्मलकर, निवासी संतोषी नगर, रायपुर (छ.ग.)** के द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्रीमती रत्ना पोर्ते पति श्री अमृत कुमार पोर्ते, निवासी- नयापारा, कांकेर (छ.ग.)** को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर छ.ग.**

# डीएमएफ से हर वार्ड का तेजी से हो रहा विकास, आमजन की समस्या को दूर करने संकल्पित : उद्योग मंत्री

## मंत्री देवांगन ने पांच वार्डों में 28 लाख के विभिन्न विकास कार्यों की रखी आधारशिला



**कोरबा(विश्व परिवार)।** मंगलवार को वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने इमलीडुग्गू वार्ड में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री देवांगन ने कहा की चुनाव में जनता का आशीर्वाद मिलने के बाद सबसे पहले डीएमएफ से सभी वार्डों के विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत कराई गई। हर वार्ड में कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की जिला खनिज न्यास मद से शहर और वार्डों की सूरत बदलने के लिए संकल्पित होकर कार्य किए जा रहे हैं। ताकि पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह वार्ड विकास कार्यों के लिए तरसे उसकी कमी जल्द से जल्द दूर की जा सके।और लोगों को सड़क, समस्या समेत अन्य परिशानियों से निजात भी मिल सके। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की डीएमएफ के अलावा अन्य मद से भी शहर के विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत कराई जा चुकी है। स्वीकृत कार्य भी जल्द प्रारंभ किए जा रहे हैं।मंत्री श्री देवांगन ने विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा और गुणवत्ता के साथ निर्माण करने करने के निर्देश दिए।मंत्री श्री देवांगन ने कहा की ऐसा हर वॉर्ड में 2 या फिर 3 कार्य स्वीकृत किए जा चुके हैं, संजय नगर रेलवे फाटक से अंडर ब्रिज, इंडोर स्टेडियम, स्विमिंग पूल समेत करोड़ों के कार्य भी जल्द प्रारंभ होंगे। इस अवसर पर सभापति श्री श्याम सुन्दर सोनी ने कहा की ये बहुत हर्ष की बात है की मंत्री श्री देवांगन जनता से किए हर वादे को अक्षर सरू तेजी से पूरा कर रहे हैं। इससे शहर के विकास में तेजी आई है। इस अवसर पर सभापति श्याम सुंदर सोनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, कोरबा मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह, महामंत्री युगल कैवर्ट, पार्षद धनश्री साहू, दीपा राठौर, पार्षद सुफल दास, सुजीत राठौर, राकेश नागरमल अग्रवाल आत्माराम गंधर्व, परमिला सागर, अजय साहू, पुरुषोत्तम शर्मा, सुरेश देवांगन, समेत अधिक संख्या में गणमान्य नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय खेलकूद में संभाग का प्रतिनिधित्व करने वाली छात्रा फूलकुंवर का किया गया सम्मान




**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** बिश्रामपुर क्षेत्र के प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इरफान अंसारी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा रहे तो वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती एनवति राजवाड़े अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, विजेंद्र लाल जायसवाल संकुल समन्वयक रामनगर, मो.नजीर आलम व मंसूर अंसारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र की पूजन अर्चन के साथ किया गया। कार्यक्रम में छात्रा कु. फूलकुंवर आत्मजा श्री नकुल राम द्वारा 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता अंतर्गत कबड्डी अंडर 14 मिनी बालिका वर्ग में सरगुजा संभाग का प्रतिनिधित्व करने पर सम्मानित किया गया। विदित हो कि यह प्रतियोगिता बिलासपुर में 21 सितंबर 2024 से 24 सितंबर 2024 तक आयोजित की गई। बालिका वर्ग अंडर 14 मिनी की टीम दल संयोजक शिवभजन सिंह के नेतृत्व में व्यायाम शिक्षक देव साय कोच और व्यायाम शिक्षका श्रीमती अनीता तिर्की मैनेजर की देखरेख में टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में फूलकुंवर को राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में प्राप्त सर्टिफिकेट, कॉपी-पेन व उपहार भेंट किया गया तो वहीं माता श्रीमती मनमेत को गमछा-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इरफान अंसारी जी के सौजन्य से कु. फूलकुंवर को ?5100 नगद पुरस्कार दिया गया। संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि फूलकुंवर के लिए यह पहला अवसर है जब उसने राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम पश्चात कटहल पेड़ रोपित कर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में अपना सहयोग दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के शिक्षक रिजवान अंसारी, श्रीमती एम. टोप्पो, मध्याह्न भोजन सहायिका श्रीमती सुमित्रा राजवाड़े, नान दईया तथा बाल कैबिनेट के मंत्री देव सिंह, अजय विश्वकर्मा, रिंकी राजवाड़े, रूपा विश्वकर्मा, सुनीता राजवाड़े सक्रिय रहे। अतिथियों ने बच्चों संग मध्याह्न भोजन का स्वाद लिया तथा अन्य विद्यालय हेतु इसे अनुकरणीय बताया।

# थाईलैंड के अरुण देव मंदिर की तर्ज़ पर बन रहा नैला का भव्य दुर्गा पंडाल

**जांजगीर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-नैली में भव्य दुर्गा पंडाल मनाया जा रहा है. यहां निर्माण होने वाला दुर्गा पंडाल पूरे देश में अपनी अलग-अलग थीम को लेकर काफी प्रसिद्ध है. यहां माता को असली डायमंड और सोने के आभूषण भी पहनाए जाते है। इस साल यहां बैंकाक (ऊद्धड्डद्दद्मड्डठ्ठस्न) का विश्व प्रसिद्ध वाट अरूण देव मंदिर (भोर का मंदिर) इस बार जांजगीर-नैला (द्धड्डठ्ठद्धद्दद्बह्ल ठ्ठड्डद्बद्यड्ड) में दिखेगा. इसकी प्रतिकृति में बन रहा मां दुर्गा का पंडाल आकार ले रहा है. रेलवे स्टेशन जांजगीर-नैला का स्थान परिवर्तन कर श्रीश्री दुर्गा पूजा उत्सव समिति द्वारा अग्रसेन भवन जांजगीर-नैला में दुर्गोत्सव मनाया जा रहा है. इसमें बुर्ज खलीफा दुबई फेम भव्य लाइटिंग व लेजर शो यहां का प्रमुख आकर्षण रहेगा. पण्डाल में 35 फीट ऊंची माता रानी की भव्य प्रतिमा स्थापित की जायेगी. 5 विशाल शेरों के स्वर्णिम रथ पर सवार होंगी. 41 वर्षों की परंपरा को बनाये रखते हुये श्रीश्री दुर्गा उत्सव समिति द्वारा भव्य स्वरूप में दुर्गोत्सव आयोजित किया जा रहा है. जांजगीर-नैला के दुर्गोत्सव को पूरे देश में एक विशेष ख्याति प्राप्त है. आकर्षक डोम पण्डाल भारत प्रसिद्ध थर्माकोल कलाकार द्वारा भव्य आंतरिक साज सज्जा थाईलैंड के अरुण देव मंदिर की तर्ज़ पर बन रहा नैला का भव्य दुर्गा पंडाल वाट अरूण रत्ववारारारम का अर्थ होता है।

# अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब रखकर बिक्री करने वाली आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री यू0बी0एस0 चैहान (रा0पु0से0) एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय कोरबा श्री भूषण एक्का (रा0पु0 से0) के दौरान कानून व्यवस्था मजबूत करते हुए अवैध शराब ब्रिकी करने वाले एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रभावी वैधानिक कार्यवाही करने हेतु जिले के समस्त पुलिस अधिकारीयो को निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के पालन में क्षेत्र में मुखबीर को सक्रिय किया गया, मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर दादरखुर्द कोरबा में संतोषी बाई अगरिया पति स्व0 तारासिंह उम्र 38 वर्ष सा0 दादरखुर्द चैकी मानिकपुर थाना कोतवाली जिला कोरबा के पास से 6 लीटर कच्ची महुआ शराब व बिक्री रकम 100 रूपये को जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर सम्मानित हुए भटगांव के पत्रकार

## अंधकार से उजाला की ओर ले जाते हैं शिक्षक, विद्यार्थियों को अपने गुरु का सम्मान करना चाहिए- अफरोज खान



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )-** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती पुष्पा तिर्की के मार्गदर्शन और राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुरुआत अतिथियो द्वारा मां सरस्वती, भारत माता व स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम के शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती परमेश्वरी राजवाड़े, बीजेपी नेता अशोक सिंह रहें। कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार गुप्ता ने एनएसएस के बारे में विस्तार पूर्वक बताते स्थापना दिवस पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पुराने स्वयंसेवकों को ए प्रमाण पत्र का वितरण व नए स्वयंसेवकों को डायरी बैच का वितरण एवं देसी खेल कितने भाई कितने रुमाल झपटा, राम रावण खेल खेलाया गया। कार्यक्रम को वरिष्ठ पत्रकार अफरोज खान सम्बोधित करते हुवे कहा की माँ बाप के बाद बच्चों का सबसे बड़ा शुभ चिंतक शिक्षक होते है जिनके मार्गदर्शन से आप सभी अपने जीवन के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। अशोक सिंह ने कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से बच्चों में अच्छे संस्कार और तथा अच्छे नागरिक बनने के गुण पैदा किए जाते हैं, आप सभी अच्छे से पढ़ाई करके विद्यालय का नाम रोशन करें। इस अवसर पर श्रीमती परमेश्वरी राजवाड़े ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयं योजना के द्वारा आपको अनुशासन में रहने का समाज में सच्ची सेवा करने का जो प्रशिक्षण मिलेगा वह आपके जीवन में हमेशा काम आएगा। स्थापना दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अफरोज खान,देवेंद्र सिंह,मोहन प्रताप सिंह,पप्पू मिश्रा,शशि रंजन सिंह को स्मृति चिन्ह व भेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों,पत्रकारों के संघ के सदस्यो ने छात्रों के साथ मिलकर के सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का जागरूकता का कार्य किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार गुप्ता ने किया। और आभार व्यक्त श्रीमती पी तिर्की के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम मे स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं समस्त छात्र उपस्थित रहे।

# आत्मानंद विद्यालय केतका के छात्राओं को जन प्रतिनिधियो ने साइकिल प्रदान की






**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )-** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने बालिकाओं के विद्यालय पहुँच को सुगम बनाने सरस्वती सायकल वितरण योजना के तहत आज स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केतका के प्रांगण में साइकिल वितरण समारोह आयोजित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि संत साहू की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत सदस्य बिहारी कुलदीप , सरपंच केतका बाबूलाल सिंह ,एस एम डी सी अध्यक्ष रमा शंकर सिंह, आमगांव सरपंच माणिक चन्द्र पोर्ते, कल्याणपुर सरपंच सागर सिंह,मदन सारथी,अकील साय, धरम साय, दिलावर खान अर्जुन राम के आतिथ्य में माँ सरस्वती एवं स्वामी आत्मानन्द जी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन ,माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ हुआ।

अतिथियों के स्वागत सम्मान उपरांत संस्था के प्राचार्य जे.आर.शांडिल्य ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर विद्यालय की उपलब्धियों एवं समस्याओं से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए छात्र-छात्रओं को अपने जीवन अनुभव से मोटीवेशन करने का आग्रह किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि संत साहू ने सरकार द्वारा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं का उपयोग कर बोर्ड परीक्षा में विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने का संकल्प दिलाया। जिला पंचायत सदस्य बिहारी कुलदीप ने अपने शिक्षकीय अनुभव छात्र छात्राओं से साझा करते हुए कहा कि सफलता का एक मात्र मंत्र कठिन परिश्रम है। सरपंच बाबूलाल सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि वे भी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय केतका में पढ़ाई किये है।उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने सम्बोधन में पढाई के महत्व को समझाते हुए छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढाई करने एवं अपने विद्यालय ,गुरु ,माता - पिता एवं गांव का नाम रोशन करने हेतु प्रोत्साहित किया।

साइकिल वितरण कार्यक्रम में संकुल केतका के संकुल प्रभरी शिवमंगल सिंह, संकुल समन्वयक राकेश शुक्ला, प्रधानपाठक मनमोहन सिंह, मो.रउफ व्याख्याता श्रीमती एम.एस. शांडिल्य, प्रदीप त्रिपाठी, दिनेश सिंह ,उग्रसेन केशरी , हीरालाल , इस्माइल खलखो ,दुर्गा प्रसाद ,अरुण विश्वकर्मा, निधि ग्लोरिया तिग्गा,सरस्वती सिंह, पैकरा,प्रधानपाठक अशोक कुमार रामकुमार सिंह,राजलाल प्रजापति ,गिरिवर यादव सहित विद्यालय के समस्त कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती एम.एस. शांडिल्य एवं उग्रसेन केशरी तथा आभार प्रदर्शन प्रदीप त्रिपाठी ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सूरजपुर कलेक्टर से भटगांव नगर पंचायत अध्यक्ष ने विभिन्न विकास कार्यों की मांग की



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** सूरजपुर कलेक्टर रोहित व्यास के भटगांव आगमन पर नगर पंचायत अध्यक्ष सूरज कुमार गुप्ता ने नगर में विकास कार्य करने तथा सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की तथा मांग पत्र सौंप कर निराकरण करने की बात कही। सूरज कुमार गुप्ता ने कलेक्टर सूरजपुर से मुलाक़ात कर ज्ञापन पत्र देकर भटगांव में हो रहा है हर दिन चोरी की वारदात को रोकथाम करने व कड़ी कार्यवाही करने की मांग करते हुवे तथा भटगांव के प्रमुख मार्ग चौक, चौराहो मे सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग की। उन्होंने शिवारिपारा चौक में, हार्टमेंट चौक मे,दुर्गा मंदिर के पास, संडे मार्केट के पास,शिव मंदिर प्रांगण,त्रिपाठी चौक,मटन मार्केट में हाई माक्स लाइट लगाने की मांग की। साथ ही वार्ड क्रमांक 11 खालपारा में वार्ड क्रमांक 13 खलपारा ब में तथा वार्ड क्रमांक 14 मस्जिद पारा में आंगनबाड़ी भवन बनाने की मांग की जिससे कि वहां के बच्चों को इसका लाभ मिल सके।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रमकोला की जीवन दीप समिति की बैठक में बनाई गई कार्ययोजना



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** प्रतापपुर - जीवनदीप समिति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रमकोला के साधारण सभा व कार्यकारिणी की बैठक जनपद अध्यक्ष जगत लाल आयाम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी ने सदस्यों को पूर्व में निर्धारित कार्य के पूर्ण व अपूर्ण कार्यों का उल्लेख कारण सहित बताया व आगामी कार्यों की योजना प्रस्तुत की । चिकित्सा अधिकारी विकास पटेल ने जीवनदीप समिति के बैठक के बारे में सामान्य जानकारी दी । जनपद अधयक्ष ने अस्पताल परिसर के साफ-सफाई के संबंध में जानकारी ली व आयुष्मान को प्रोत्साहित करने आवश्यक निर्देश दिए। किस्सा अधिकारी विकास पटेल के द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष के कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया तथा वर्तमान बैठक की एजेंडा के बारे में जानकारी दी । जीवनदीप समिति के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों की वेतन वृद्धि (प्रति कर्मचारी 1000 रुपये) का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। अस्पताल परिसर में पेयजल विद्युत व साफ-सफाई के लिए होने वाले व्यय से अवगत कराया गया। अस्पताल परिसर के उद्यान के उन्नायन के संबंध में चर्चा की गई। स्टाफ नर्स तथा वाहन चालक के व्यवहार सुधार के संबंध शिकायत/सुझाव दिया गया। बैठक में जीवन दीप समिति के सदस्य खंड चिकित्सा अधिकारी विजय सिंह पूर्व जनपद सदस्य मुन्ना सिंह दिनेश गुप्ता जनपद सदस्य प्रतिनिधि देवनाथ जगते सरपंच देवचंद सिंह सरुता ,उपसरपंच मकसूद अंसारी, शिवकुमार यादव , विजय मरकाम, महबूब खान आदि उपस्थित थे।

### निधन : दर्शना देवी



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** बिश्रामपुर के प्रतिष्ठित नागरिक स्व दलीप चंद्र अग्रवाल कि धर्म पत्नी एवम भाजपा नेता अशोक अग्रवाल की माता श्री श्रीमति दर्शना देवी अग्रवाल का आज दुखद निधन हो गया। दर्शना देवी आज सुबह 7 बजे परलोक गमन कि। अंतिम दाह संस्कार आज दोपहर 3 बजे विश्रामपुर रिहंद नदी मुक्ति धाम में किया गया। स्वर्गीय दर्शना देवी सुभाष अग्रवाल ,रामावतार अग्रवाल, अशोक अग्रवाल ,विनोद अग्रवाल,राकेश अग्रवाल की माता श्री थी।

# विश्व परिवार

**विचार-पक्ष**

रायपुर शुक्रवार 27 सितंबर 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com





## संपादकीय

### पांच नवंबर को जाहिर होगा

शुरुआत से ही बहस उन मुद्दों पर मुड़ गई, जिन पर अमेरिकी मतदाताओं के बीच गहरा विभाजन है। हैरिस ने खुद को प्रगतिशील उम्मीदवार के रूप में पेश किया। ट्रंप ने अपने समर्थकों को यह बताया कि वे नहीं जीते, तो अमेरिका का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के दोनों प्रमुख उम्मीदवारों की बहस में कौन जीता, इस बारे में राय बंटी हुई है। लिबरल मीडिया पर नजर डालें, तो वहां इस पर लेकर शक नहीं है कि कमला हैरिस भारी पड़ीं। लेकिन कंजरवेटिव खेमे में उलटी प्रतिक्रिया देखने को मिली है। दोनों उम्मीदवारों ने बहस के लिए वे मुद्दे उठाए, जिन पर मतदाताओं के ध्रुवीकरण से उन्होंने उम्मीद जोड़ी हुई है। मसलन, हैरिस ने गर्भपात के अधिकार पर जोर दिया, तो ट्रंप ने गैर-कानूनी आव्रजकों से अमेरिका के लोगों को पैदा हुए कथित खतरों का जिक्र किया। फैक्ट चेकर्स ने ट्रंप के कई दावों को गलत साबित किया, लेकिन कंजरवेटिव खेमे में इससे उलटी प्रतिक्रिया हुई। वहां यह शिकायत देखी गई कि फैक्ट चेकर्स ने हैरिस के प्रति पक्षपात किया। उनके कथित गलत दावों की पोल उन्होंने लगे हाथ नहीं खोली। एक ध्रुवीकृत राजनीतिक माहौल में यही सबसे बड़ी मुश्किल होती है। उसमें हर मुद्दे पर प्रतिक्रिया बंटी हुई होती है। इसलिए यह कहना मुश्किल है कि ट्रंप अपने दावों और आक्रामक अंदाज से अपने समर्थकों के ध्रुवीकरण को किस हद तक मजबूत करने में सफल हुए। कमला हैरिस और डॉनल्ड ट्रंप इस बहस से पहले यह कभी नहीं मिले थे। तो बहस शुरू होने से पहले हैरिस ट्रंप के पास गईं और मिलाने के लिए अपना हाथ बढ़ाया। विश्लेषकों के मुताबिक इस कदम के साथ ही हैरिस ने बहस में बढ़त हासिल कर ली, क्योंकि चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप उनके रंग, नस्ल और लिंग को लेकर तीखी और कड़वी टिप्पणियां करते रहे हैं। शुरुआत से ही बहस उन मुद्दों पर मुड़ गई, जिन पर अमेरिकी मतदाताओं के बीच गहरा विभाजन है। हैरिस ने बहस के दौरान खुद को भविष्य की ओर देखने वाली एक प्रगतिशील उम्मीदवार के रूप में पेश किया। ट्रंप ने अपने मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के नारे को उठाया और अपने समर्थकों को यह बताया कि वे नहीं जीते, तो महाशक्ति के रूप अमेरिका का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। कुल मिलाकर दोनों उम्मीदवार अपनी ताकत पर खेले। इसका क्या असर हुआ, यह पांच नवंबर को ही जाहिर होगा।

# विकसित भारत हेतु पर्यटन: हमारे प्रथम 'अतुल्य भारतीय' का विज़न

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत / केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री, भारत सरकार



एक दशक पहले तक भारतीय पर्यटन को पर्यटन क्षेत्र में अन्य देशों के समकक्ष या उनसे आगे स्थापित करने के लिए भी एक ब्रांड एम्बेसडर की जरूरत सामान्य बात थी । जिस तरह अन्य देश अपने देश के पर्यटन के प्रचार-प्रसार हेतु सुविख्यात फिल्मी सितारों और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को आकर्षित करने के लिए विज्ञापन राशि खर्च कर रहे थे ठीक उसी तरह यहाँ भी यह महसूस किया गया कि अतुल्य भारत को एक नया रूप दिए जाने की आवश्यकता है । पिछले एक दशक में और पिछले 100 दिनों से भारत के केन्द्रीय पर्यटन मंत्री के रूप में कार्य करते हुए मैंने सभी को यह कहते सुना है कि इस देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हमारे बीच एक ऐसे नेता हैं जो न केवल हमारे प्रधानमंत्री हैं बल्कि वे अतुल्य भारत के सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड एम्बेसडर और हिमायती हैं । अपनी हर भूमिका में, वे भारत की बेहतरी के लिए काम करते हैं । मैं यह देखकर अत्यंत विस्मित और प्रेरित होता हूँ कि माननीय प्रधानमंत्री सदैव पर्यटन को अत्यंत महत्व देते हैं ।

एक प्रधानमंत्री के रूप में वे निरंतर हमें यह याद दिलाते हैं कि हमें देश में पर्यटन की समग्र प्रगति और विकास के लिए 'सरकार के प्रत्येक स्तर' पर कार्य करना है । लगभग 1,50,000 किलोमीटर लम्बा सड़क नेटवर्क बनाए जाने, बेहतर हवाई कनेक्टिविटी के लिए 500 नए हवाई रुट और 150 हवाईअड्डे शुरू किए जाने, तेज गति वाली वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत और लगभग 100 पर्यटन परियोजनाओं को पूरा किए जाने के परिणामस्वरूप भारत में 250 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राएं (डीटीवी) दर्ज की गईं जो वर्ष 2014 में भारत द्वारा दर्ज 128 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) का लगभग दोगुना है ।

इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं । उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देश भर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया । माननीय प्रधानमंत्री जी का यह विजन था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता को माध्यम बनाकर इन 60 गंतव्यों की पर्यटन पेशकशों के साथ-साथ उनकी संस्कृति, क्विज़ीन तथा शिल्प की वैश्विक मंच पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए । पिछले वर्ष जी-20 के कारण पर्यटन में हुई वृद्धि के परिणामस्वरूप वर्ष 2023 में भारत के पर्यटन क्षेत्र में होटल के नए कमरे सबसे अधिक संख्या में बनाए गए । एक जन-नायक के रूप में उन्होंने विश्व की यात्रा पर निकलने से पहले अपने देश भारत को देखने-समझने के लिए राष्ट्र को 'देखो अपना देश' हेतु प्रेरित किया है । स्वच्छता के महत्व की सीख देकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि उत्तरदायी पर्यटन हम सभी का सहज स्वभाव बन जाए । हर अवसर पर वे वैश्विक प्रवासी भारतीयों को अतुल्य भारत का प्रतिनिधि बनने की उनकी भूमिका निरंतर याद दिलाते हैं कि वे अपने विदेशी मित्रों और परिचितों को इस बात की जानकारी दें कि भारत की यात्रा किस प्रकार उनके लिए अविस्मरणीय हो सकती है । सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेताओं में से एक के रूप में उनके द्वारा लक्षद्वीप, काजीरंगा, कन्याकुमारी, श्रीनगर और अन्य कई स्थलों की यात्रा करने मात्र से घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों में ऐसे गंतव्यों की यात्रा करने और भारत की कम लोकप्रिय पर्यटन पेशकशों का अनुभव करने की अभूतपूर्व रुचि देखी गई है ।

पर्यटन में माननीय प्रधानमंत्री की निजी रूचि और भागीदारी को और अधिक स्पष्ट करने के लिए मैं आप सबको यह बताना चाहूंगा कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के पर्यटन विभाग में मुझे अपनी सेवा प्रदान करने का अवसर देते समय कहा था कि वे मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप रहे हैं । तब से मेरा निरंतर यह प्रयास रहा है कि समावेशी सामाजिक-आर्थिक प्रगति और विकास के माध्यम के रूप में पर्यटन क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए हम भारत में इसके लिए एक व्यावसायिक योजना तैयार करें । अवसंरचना विकास में भारत द्वारा तेजी से की जा रही प्रगति का लाभ उठाते हुए नए पर्यटन गंतव्य विकसित करना इस व्यावसायिक योजना का सबसे महत्वपूर्ण घटक है । नए भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए और अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेते हुए पर्यटकों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इन नए गंतव्यों की परिकल्पना की गई है । वर्ष 1947 में हमारी स्वतंत्रता से लेकर वर्ष 2014 तक भारत में किसी पर्यटक गंतव्य को शुरूआत से समग्र और समावेशी तरीके से विकसित करने का एक भी उदाहरण देखने को नहीं मिलता है । वर्ष 2018 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विश्व को एकता नगर और स्टेच्यू ऑफयूनिटी की भेंट देने के बाद से इसमें परिवर्तन आया है । माननीय प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए । रोज़मर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई । स्थानीय लोगों और युवाओं को पर्यटन से संबंधित सेवाओं और कार्यों के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की गई । अच्छे होटल, रिजॉर्ट और अन्य आवास स्थापित करने के लिए निजी निवेशों को शामिल किया गया । पीपीपी मोड में विभिन्न थीमों में अनेक नए आकर्षणों, कार्यकलापों और अनुभवों की शुरूआत की गई । इन सभी और अन्य कई कार्यकलापों के कारण एकता नगर में पर्यटकों की संख्या वर्ष 2018 में 4.5 लाख से 10 गुना बढ़कर वर्ष 2023 में 45 लाख हो गई थी । इसके अलावा, इन सभी प्रयासों से एकता नगर के स्थानीय लोगों के लिए पर्यटन अर्थव्यवस्था के माध्यम से आजीविका के नए साधन का सृजन हुआ है जो वर्ष 2014 से पहले इस क्षेत्र में उपलब्ध नहीं था । एकता नगर के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री ने हमें पर्यटन विकास और संवर्धन का एक नया मॉडल दिया है ङ्क एक ऐसा मॉडल जिसे ऐसे प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों का सृजन करने के लिए एक उदाहरण के रूप में अपनाया जा सकता है ।

स्वदेश दर्शन और प्रतिष्ठित पर्यटक गंतव्यों के विकास जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्थापित मॉडल से प्रेरणा लेते हुए, पर्यटन मंत्रालय अब 'सरकार के हर स्तर पर' चयनित गंतव्यों को विकसित करने के संयुक्त प्रयासों द्वारा देश में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास की अगुआई कर रहा है । ऐसे अधिक प्रभावकारी हस्तक्षेपों की शुरूआत के प्रयास किए जा रहे हैं जो विभिन्न गंतव्यों में पर्यटक अनुभव को पूरी तरह से बदल सकते हैं । साथ ही, निजी निवेश को सार्वजनिक निवेश का पूरक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि भारत में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास के लिए दोनों एक संयुक्त शक्ति के रूप में कार्य कर सकें । इन गंतव्यों में मंत्रालय की विभिन्न पहलों के माध्यम से, कौशल निर्माण और डिजिटलीकरण जैसे पर्यटन साधनों को बेहतर बनाने के लिए भी कार्रवाई की जा रही है ताकि पर्यटन के लाभ उस गंतव्य में ही स्थानीय समुदायों और व्यक्तियों को प्राप्त हो सकें । माननीय प्रधानमंत्री के जन भागीदारी के विज़न से प्रेरित होकर, मंत्रालय ने देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस 2024 नामक एक राष्ट्र-व्यापी पोल शुरू किया है ताकि नागरिक 5 श्रेणियों में भारत में अपने सबसे पसंदीदा पर्यटक स्थलों और गंतव्यों के बारे में जानकारी दे सकें । आगे बढ़ने के अपने प्रयासों में जनता की आवाज को शामिल करने के लिए पीपुल्स च्वाइस 2024 में शीर्ष पर आने वाले गंतव्यों को विशेष सहायता और निधि प्रदान की जाएगी, ताकि उन्हें दुनिया के समक्ष सर्वश्रेष्ठ अतुल्य भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले वैश्विक पर्यटन स्थलों के रूप में परिवर्तित किया जा सके ।

ऐसा कोई भी दिन नहीं जाता जब माननीय प्रधानमंत्री हमें विकसित भारत के अपने विज़न की याद न दिलाएं । पर्यटन हमें उस महान विज़न को पूरा करने के लिए अनेक अवसर प्रदान करता है । इस विश्व पर्यटन दिवस पर, मैं इस विजन को पूरा करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए आप सबका आह्वान करता हूं, ताकि हम अपने माननीय प्रधानमंत्री जी की ही तरह 'अतुल्य भारतीय' बन सकें ।

## आलेख

# वन नेशन-वन इलेक्शन आपत्ति और औचित्य......

अजय दीक्षित

15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से आदरणीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने कहा था कि वे देश में लोकसभा और राज्यसभाओं के चुनाव एक साथ करवाएंगे ! इससे श्रम शक्ति, मैन पावर और धन की बचत होगी । आचार संहिता लगने से काम नहीं रुकेंगे ! बात सौ फीसदी ठीक है । 1952 से 1967 तक ऐसा ही होता था विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव एक साथ हुये थे । इसके बाद बीच में ही विधानसभाएं भंग होने के कारण, या गवर्नर रूल लगने के के कारण यह व्यवस्था बिगड़ गई । अब साल भर कहीं न कहीं चुनाव होते रहते हैं ! प्रश्न गंभीर है और इस पर व्यापक चर्चा की जरूरत है । केन्द्रीय सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति महामहिम कोविंद जी की अध्यक्षता में इस विषय पर विचारार्थ एक समिति बनाई थी । इसमें देश के जाने-माने आठ सदस्य थे । विख्यात विधि वेक्ता साल्वे भी थे । कांग्रेस के तब विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी भी थे । इस कमेटी ने कई हजार पेज की रिपोर्ट सौंपी है । अब रिपोर्ट पढ़कर ही पता चल सकता है कि इस मसले पर कितने हजार रिपोर्ट की जरूरत क्या थी । आज-कल तो रूलिंग पार्टी के शीर्षस्थ नेता जो बंद कमरे में तय कर लेते हैं उसे लागू कर देते हैं । पर इस देश में दिखावे का चलन है । विशेष उत्सवों पर वधू को, नवजात शिशु को, सम्मान दिए जाने वाले व्यक्ति को लिफाफे दिये जाते हैं । पहले आशीर्वाद दिया जाता था । खैर अब जब मोदी जी ने तय कर लिया है कि इस देश में एक साथ चुनाव होंगे तो इसका इम्प्लीमेंटेशन जरूर सन् 2029 के चुनाव से हो जायेगा । यह भी कहा गया है कि इससे धन भी बचेगा । यह बात सौ फ़ीसदी ठीक है । परन्तु इस बार पहली सितम्बर को हिमाचल प्रदेश में वहां के कर्मचारियों को उनका वेतन क्यों नहीं मिला? क्योंकर मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों को अपने वेतन का त्याग करना पड़ा? अरविन्द केजरीवाल ने फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री बस में यात्रा, फ्री इलाज, फ्री एजुकेशन, फ्री तोहफा की जो प्रथा शुरू की थी, संक्रामक रोग की तरह सभी राज्यों में फैल चुकी है चाहे सरकार किसी भी पार्टी की हो । शुरू में प्रधानमंत्री मोदी जी ने इसे फ्री बी, या फ्री रेबड़ी कहा था । पर आज भाजपा भी उसी रास्ते पर है । मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सभी महिलाओं को 1250/- महीने का जेब खर्च दिया और कहा कि यह भाई की ओर से बहन को नेग है । अब सरकारी खर्च से भाई बहन को रक्षाबंधन की गिफ्ट दे रहा है । अब कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, तेलुगु देशम आदि समेत सभी राज्यों ने भी इस प्रथा को चालू कर दिया । अब हरियाणा में भाजपा ने भी अपने घोषणा पत्र में ऐसी ही राशि सभी महिलाओं को देने का वादा किया है । अरविन्द केजरीवाल ने कहा था कि वह विकास के कार्यों में बचत कर यह राशि बांट रहे हैं । अरविन्द केजरीवाल का कहना है कि वह रिजर्व बैंक से उधार लेकर यह नहीं बांट रहा है । अब असलियत क्या है, यह तो केन्द्र सरकार ही स्पष्ट कर रही है । अब कोई भी पार्टी हो, भाजपा समेत सभी तरह-तरह के फ्री वीज़ बांट रहे हैं -- फ्री बिजली, फ्री बस यात्रा, फ्री गिफ्ट लड़कियों को फ्री स्कूटी, फ्री शिक्षा, सब कुछ फ्री है । इन सब राज्यों पर रिजर्व बैंक का कई लाख करोड़ का कर्ज है । कुछ बातें फ्री ठीक हैं जैसे फ्री एजुकेशन, गांव से लड़कियों को शहर में पढने आने पर फ्री बस आदि । अभी यदि देश एक चुनाव का नारा पैसे बचाने का है तो और भी कई कदम उठाने होंगे । सांसदों औ रविधायकों की पेंशन बंद की जाना चाहिए। उनकी परिवार सहित फ्री यात्रा, फ्री हवाई सफर बंद होना चाहिये । उद्घाटन समारोह बन्द होने चाहिए । जब प्रधानमंत्री कोई उद्घाटन करते हैं तो साज सजावट और उनकी सुरक्षा पर कई करोड़ खर्च हो जाते हैं । आखिर अफसर की कुर्सी के पीछे तौलिया का क्या औचित्य है । अब तो पसीना आता ही नहीं, ए.सी. चलता है । अनेक मामले हैं जहां टैक्स पेयर का पैसा बर्बाद हो रहा है । इतने बड़े सेक्रेटीएट की क्या जरूरत है । मंत्रियों की जिलों की यात्रा पर होने वाला टी.ए., डी.ए. का क्या औचित्य है । असल में भारत में खर्च का ऑडिट जरूरी है ।

# गैस को हरित बनाने की प्रक्रिया के लाभ

आनंद कुमार झा

भारत सरकार संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) इकोसिस्टम के विकास के लिए बड़े कदम उठा रही है। इस क्षेत्र के लिए घोषित लक्ष्य है- प्रति वर्ष 15 एमएमटी सीबीजी का उत्पादन। यह पहल, मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन आधारित परिवहन प्रणाली के एक स्थायी विकल्प स्थापित करने के लिए शुरू की गई थी, लेकिन, संभावित लाभों की विस्तृत श्रृंखला अभी उभरनी शुरू हुई है। सीबीजी में भारत सरकार की नेट जीरो महत्वाकांक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता है। 15 एमएमटी सीबीजी, वर्ष 2030 तक सीजीडी क्षेत्र के सीएनजी (टी)/पीएनजी (डी) उपक्षेत्र में उपयोग की जाने वाली घरेलू प्राकृतिक गैस की सभी मांग को प्रभावी ढंग से प्रतिस्थापित कर सकता है। सीबीजी संयंत्रों में उत्पादित एफओएम के उपयोग से मिट्टी के कम हुए कार्बन स्तर को बहाल किया जा सकता है। किण्वित जैविक खाद (एफओएम) मुख्य रूप से मिट्टी में रासायनिक उर्वरक के नाइट्रोजन और फास्फोरस को बढ़ाते हुए कार्बन स्तर में वृद्धि करके रासायनिक उर्वरक के एक हिस्से को भी प्रतिस्थापित कर सकता है। सरकार की एक पहल के रूप में शुरू हुआ यह कार्य, कई योजनाओं और शासनादेशों के साथ एक प्रमुख क्षेत्र बन गया है, जो पूरे परिदृश्य को प्रभावित कर रहा है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बायोमास की खरीद तथा बायोमास एकत्रीकरण मशीनरी की खरीद के लिए वित्तीय सहायता, सीबीजी संयंत्रों और सीजीडी नेटवर्क के बीच पाइपलाइन को जोडने के लिए वित्तीय सहायता और सीजीडी संस्थाओं के लिए अनिवार्य सीबीजी मिश्रण दायित्व की योजना की शुरुआत की है। उर्वरक विभाग ने एफओएम के लिए बाजार विकास सहायता की पेशकश की है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, केंद्रीय वित्तीय सहायता के माध्यम से इस क्षेत्र का समर्थन करता है। इसी तरह राज्य सरकारें भी रियायती पट्टे दरों पर भूमि, कच्चे माल की खरीद पर सब्सिडी, एकल खिड़की मंजूरी, भूमि आवंटन में प्राथमिकता, जैसे विभिन्न प्रोत्साहनों के माध्यम से इस क्षेत्र का समर्थन कर रही हैं। हालांकि, इकोसिस्टम का राजस्व मॉडल अभी तक स्थिरता हासिल नहीं कर पाया है। सभी संभावित राजस्व स्रोत अभी तक अपनी पूरी क्षमता तक नहीं पहुंच पाये हैं। एफओएम, जो एक प्रमुख सह-उत्पाद है, से अभी तक राजस्व प्राप्त नहीं हो पा रहा है। कार्बन क्रेडिट व्यवस्था पूरी तरह से स्थापित नहीं है। इससे कार्बन क्रेडिट के उत्पादन और मुद्रीकरण के बारे में कुछ अनिश्चितता मौजूद है। सभी राजस्व स्रोतों का गैर-मुद्रीकरण भी उधार देने वाली एजेंसियों के लिए कुछ जोखिम पैदा करता है, जो अप्रत्यक्ष रूप से इस क्षेत्र के विकास को प्रभावित करता है। उत्पादित एफओएम के पूर्ण मुद्रीकरण की कमी के कारण संयंत्रों की व्यावहारिकता सुनिश्चित करने के लिए गैस पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। वर्तमान में, सीबीजी संयंत्रों से उत्पादित गैस को एकमात्र राजस्व अर्जित करने वाले स्रोत होने का बोझ उठाना पड़ता है। देश के कुछ क्षेत्रों में मांग से संबंधित कुछ मुद्दों के कारण, गैस का पूरा उठाव प्रभावित होता है। इससे सीबीजी संयंत्र का व्यावहारिक होना और पूरे क्षेत्र का विस्तार करना मुश्किल हो जाता है। गैस, एफओएम के साथ-साथ क्षेत्र के लिए उपलब्ध हरित विशेषताओं या कार्बन क्रेडिट से राजस्व उत्पन्न करना जरूरी है। सीबीजी का उठाव सुनिश्चित करने पर सरकार के विशेष ध्यान के कारण कुल गैस की बिक्री, वित्त वर्ष 2022-23 के लगभग 12,000 टन से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 19,000 टन हो गई है। वित्त वर्ष 2024-25 के दो महीनों के उठाव के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि इस साल सीबीजी का उठाव दोगुने से अधिक हो जाएगा। हालांकि क्षेत्र में सीएनजी/पीएनजी की असमान मांग के कारण गैस के उठाव में चुनौतियां बनी हुई हैं। सरकार ने सीबीजी संयंत्रों और सीजीडी नेटवर्क के बीच पाइपलाइन को जोडने की प्रक्रिया का समर्थन करने के लिए एक योजना की शुरुआत की है, ताकि संयंत्र द्वारा उत्पादित गैस का पूर्ण उठाव सुनिश्चित करने में मदद मिल सके। सीबीजी ग्रिड का विकास, क्षेत्र में सीएनजी/पीएनजी की कम मांग की समस्या पर ध्यान देगा। सीजीडी नेटवर्क के माध्यम से सीबीजी तक खुली पहुंच की अनुमति देना भी आवश्यक होगा, ताकि देश भर में वास्तविक मांग केंद्रों तक सीबीजी की आपूर्ति की जा सके। इसके अलावा, जर्मनी जैसे कुछ यूरोपीय देशों की तरह, प्रमुख पाइपलाइनों में सीबीजी की आपूर्ति से राष्ट्रीय गैस खपत वृद्धि में भी मदद मिलेगी। सरकार ने उर्वरक विपणन कंपनियों द्वारा एफओएम की बिक्री पर एमडीए की घोषणा की है। यह, बदले में, सीबीजी उत्पादकों को दिया जाता है। हालांकि, उत्पादित एफओएम की दो अनूठी विशेषताओं के कारण यह योजना आगे नहीं बढ़ पाई है। सबसे पहले, हालांकि, एफओएम मिट्टी के लिए कार्बन का एक बड़ा स्रोत है, इसकी तुलनात्मक रूप से कम पोषक तत्व सामग्री, इसे किसानों को खरीद और बिक्री के सन्दर्भ में उर्वरक कंपनियों के लिए कम आकर्षक बनाती है। दूसरी विशेषता है, उत्पाद की नमी की मात्रा, जो भंडारण और परिवहन को थोड़ा मुश्किल बना देती है। इसके अलावा, किसानों के बीच अपने खेतों में कार्बन के इस समृद्ध स्रोत का उपयोग करने में उत्साह की भी कमी दिखाई पड़ती है। भारत और हरियाणा, पंजाब, यूपी, राजस्थान जैसे उत्तरी भारतीय राज्यों की मिट्टी में कार्बन की मात्रा बहुत कम है। यह मिट्टी की उत्पादकता बढ़ाने के लिए मिट्टी में डाले जा रहे रासायनिक उर्वरकों के नाइट्रोजन और फास्फोरस का पूरी तरह से उपयोग करने की मिट्टी की क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। मिट्टी को कृषि के लिए उपयुक्त बनाने तथा नाइट्रोजन और फास्फोरस के अवशोषण की शक्ति बढ़ाने के लिए मिट्टी में कार्बन की मात्रा बढ़ाना आवश्यक है।

# श्राद्ध की परंपरा और आधुनिक युग.....

कर्म सिंह ठाकुर

यदि हम श्राद्ध की इस परंपरा को भूल जाते हैं, तो यह न केवल हमारे पूर्वजों के प्रति हमारी जिम्मेदारी की अनदेखी होगी, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान को भी कमजोर कर देगा। हमें श्राद्ध जैसे धार्मिक अनुष्ठानों को भूलना नहीं चाहिए श्राद्ध हिंदू धर्म की एक महत्वपूर्ण और पवित्र परंपरा है, जिसका संबंध पितरों, यानी हमारे पूर्वजों की आत्मा की शांति और तृप्ति से है। श्राद्ध का मूल उद्देश्य उन पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करना है जिन्होंने हमारे जीवन में किसी न किसी रूप में योगदान दिया है। यह एक धार्मिक और आध्यात्मिक कर्तव्य है, जो न केवल आत्मा की तृप्ति के लिए बल्कि जीवित व्यक्तियों के बीच पारिवारिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने के लिए किया जाता है। श्राद्ध की परंपरा का प्रारंभिक उल्लेख वेदों और पुराणों में मिलता है जहां इसे एक महत्वपूर्ण धार्मिक क्रिया के रूप में वर्णित किया गया है। ऋग्वेद और महाभारत जैसे ग्रंथों में इसका विशेष महत्व बताया गया है, जहां पूर्वजों के लिए तर्पण और पिंडदान करने का प्रावधान है। यह प्रक्रिया पितृ पक्ष के दौरान की जाती है, जो भाद्रपद महीने के कृष्ण पक्ष में आता है और इस दौरान पिंडदान, तर्पण और ब्राह्मणों को भोजन कराने की परंपरा निभाई जाती है। श्राद्ध को करने के लिए विशेष विधियां होती हैं, जिनमें पवित्र स्थानों पर जाकर अनुष्ठान करना और धार्मिक अनुशासन का पालन करना शामिल है। यह अनुष्ठान पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक माध्यम है और इसे श्रद्धा और आस्था के साथ करना आवश्यक माना जाता है। इसके साथ ही श्राद्ध में ब्राह्मणों को भोजन कराना और दान देना भी अनिवार्य माना गया है, ताकि पूर्वजों की आत्मा को तृप्ति मिल सके। पितृ पक्ष के दौरान श्राद्ध कर्म को विशेष रूप से महत्व दिया जाता है क्योंकि यह समय पूर्वजों की आत्माओं की शांति के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है। पिंडदान, तर्पण और आहुति के साथ, श्राद्ध को पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ किया जाना चाहिए, तभी इसका उद्देश्य सफल होता है। श्राद्ध का मूल उद्देश्य अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता प्रकट करना है, न कि आडंबर और दिखावे में लिप्त होना। यह आवश्यक नहीं कि श्राद्ध के दौरान भारी खर्च किया जाए या भव्य आयोजन हो। व्यक्ति अपनी सामर्थ्य और साधनों के अनुसार ही श्राद्ध कर्म कर सकता है। छोटे से छोटे संसाधनों और सादगी से किया गया श्राद्ध भी उतना ही पवित्र और फलदायी



होता है, जब उसमें सच्ची श्रद्धा हो। महत्त्वपूर्ण यह है कि आस्था और प्रेमपूर्वक पितरों का स्मरण हो, जिससे वे संतुष्ट हो सकें और उनकी आत्मा को शांति प्राप्त हो। आधुनिकता के इस युग में, जब लोग तेजी से बदलती जीवनशैली और सामाजिक परिवर्तनों के बीच व्यस्त हो गए हैं, श्राद्ध की यह परंपरा कहीं न कहीं धुंधली होती जा रही है। कई लोगों के लिए श्राद्ध अब केवल एक औपचारिकता बनकर रह गया है, जो परिवार के बुजुर्गों के दबाव में निभाया जाता है। कुछ लोग इसे पूरी तरह से छोड़ चुके हैं, जबकि कुछ लोग इसे अब भी निभाते हैं, लेकिन वह श्रद्धा और समर्पण के साथ नहीं, जो पहले हुआ करता था। इस स्थिति के कई कारण हो सकते हैं। शहरीकरण और व्यस्त जीवनशैली के चलते अब लोग धार्मिक अनुष्ठानों के लिए उतना समय नहीं निकाल पाते जितना पहले होता था। इसके अलावा आधुनिक विज्ञान और तार्किकता के प्रसार ने लोगों को धार्मिक क्रियाओं पर सवाल उठाने की प्रवृत्ति दी है, जिससे कई लोगों को श्राद्ध जैसे अनुष्ठान पुराने रीति-रिवाजों का प्रतीक लगने लगे हैं। इससे भी बड़ी बात यह है कि पारिवारिक ढांचे में हुए बदलावों ने भी श्राद्ध की परंपरा को कमजोर किया है। पहले जहां संयुक्त परिवार होते थे, अब परिवार छोटे हो गए हैं, और पितरों के प्रति कर्तव्य की भावना भी उसी अनुपात में कमजोर हो गई है। एक अन्य महत्वपूर्ण कारण सामाजिक दबाव है। आधुनिक समाज में कई लोग श्राद्ध को अंधविश्वास मानते हैं और इसे एक पुरानी प्रथा मानकर छोडने की प्रवृत्ति रखने लगे हैं। इसका परिणाम यह हो रहा है कि नई पीढ़ी में श्राद्ध के प्रति आस्था और श्रद्धा का अभाव दिखाई देने लगा है। यह स्थिति केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि गांवों में भी देखी जा रही है। श्राद्ध जैसी परंपराएं जो कभी हर परिवार का हिस्सा हुआ करती थीं, अब केवल कुछ विशेष परिवारों या लोगों द्वारा ही निभाई जा रही हैं। यह भी देखने में आ रहा है कि जिन परिवारों में श्राद्ध होता भी है, वहां भी इसका महत्त्व कम हो गया है। लोग इसे केवल एक धार्मिक कर्तव्य मानकर करते हैं, न कि आत्मीयता और कृतज्ञता के भाव से। इस बदलते परिवेश में श्राद्ध की प्राचीन परंपराएं कहीं खोती जा रही हैं। आधुनिकता और विज्ञान के इस युग में जहां हर चीज का मूल्यांकन तार्किक दृष्टिकोण से किया जाता है, वहां श्राद्ध जैसे धार्मिक अनुष्ठान को फिर से महत्व देने की आवश्यकता है। श्राद्ध केवल एक धार्मिक कर्तव्य नहीं है, बल्कि यह पूर्वजों के प्रति हमारी कृतज्ञता और सम्मान प्रकट करने का एक तरीका है। यह एक ऐसा माध्यम है जिससे हम अपने पूर्वजों को याद करते हैं और उन्हें उनके योगदान के लिए धन्यवाद देते हैं।

# लखनऊ में गणाचार्य श्री विरागसागर व्यक्तित्व-कृतित्व राष्ट्रीय विद्वत् संगोष्ठी सम्पन्न

**मुनि श्री सुप्रभसागर जी ने कहा- श्रमण संस्कृति के दैदीप्यमान नक्षत्र थे गणाचार्य श्री विरागसागर जी महाराज**



**परम पूज्य मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में आयोजित हुई संगोष्ठी**

**लख़नऊ (विश्व परिवार)।** परम पूज्य आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से परम पूज्य मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज, मुनि श्री प्रणतसागर जी महाराज के मङ्गल सान्निध्य में श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सआदतगंज लखनऊ में डॉ श्रेयांस कुमार जैन बड़ौत के निर्देशन व डॉ सुनील जैन संचय ललितपुर के संयोजकत्व में 21 व 22 सितंबर 2024 को दो दिवसीय गणाचार्य श्री विरागसागर व्यक्तित्व-कृतित्व राष्ट्रीय विद्वत् संगोष्ठी का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। जिसमें देश के मूर्धन्य मनीषी विद्वानों ने गणाचार्य श्री विरागसागर जी महाराज के व्यक्तित्व-कृतित्व पर अपने आलेख प्रस्तुत किए।

21 सितंबर को प्रात: 8 बजे से संगोष्ठी का उदघाटन सत्र किया गया। सर्वप्रथम मंगलाचरण पंडित अनिल शास्त्री सागर ने किया इसके बाद संगोष्ठी में समागत विद्वानों ने आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण व दीप प्रज्ज्वलन किया।

संचालन संगोष्ठी के संयोजक डॉ सुनील जैन संचय ललितपुर ने किया किया। सत्र की अध्यक्षता डॉ श्रेयांस कुमार जैन बडौत ने की। सारस्वत अतिथि प्रोफेसर विजय कुमार जैन दिल्ली रहे। चातुर्मास समिति के संजीव जैन ने विद्वानों के लिए स्वागत भाषण किया।

इस सत्र में डॉ. शीतल चंद्र जैन जयपुर, डॉ ज्योति जैन खतौली व डॉ. सनत जैन जयपुर ने अपने आलेख प्रस्तुत किए। इसके बाद मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज के समीक्षात्मक प्रवचन हुए जिसमें उन्होंने गणाचार्य विरागसागर जी महाराज को श्रमण संस्कृति का दैदीप्यमान नक्षत्र बताया। दोपहर का सत्र दोपहर दो बजे से शुरू हुआ। जिसकी अध्यक्षता डॉ. शीतल चंद्र जैन जयपुर ने की। सारस्वत अतिथि डॉ सनत कुमार जैन जयपुर रहे। संचालन डॉ. सुरेन्द्र जैन भारती बुरहानपुर ने किया। मंगलाचरण डॉ. रांका जैन लखनऊ ने किया। इस सत्र में डॉ. नरेंद्र जैन टीकमगढ़, प्रोफेसर विजय कुमार जैन लखनऊ, डॉ. आशीष जैन दमोह, पंडित अनिल जैन शास्त्री सागर, पंडित अखिलेश शास्त्री रामगढ़ा ने अपने आलेख प्रस्तुत किए।

**महासभा ने किया विद्वानों का सम्मान :** इस मौके पर अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा (तीर्थ संरक्षिणी) की ओर से भी विद्वानों का स्वागत शाल, श्रीफल, माला और साहित्य भेंटकर महासभा के उपाध्यक्ष संजीव जैन, संयुक्त महामंत्री कमल रावका आदि ने किया।

22 सितंबर को प्रात: तृतीय सत्र की अध्यक्षता डॉ नरेन्द्र जैन टीकमगढ़, सारस्वत अतिथि डॉ. ज्योति जैन खतौली, संचालन डॉ. पंकज जैन इंदौर ने किया। मंगलाचरण पंडित सुनील सुधाकर ने किया। आलेख पंडित विनोद कुमार जैन रजवांस, डॉ. सुरेंद्र जैन भारती बुरहानपुर, प्रोफेसर फूलचंद्र जैन प्रेमी वाराणसी, डॉ. श्रेयांस कुमार जैन बड़ौत ने प्रस्तुत किए।

**जैन गजट के गणाचार्य विराग सागर विनयांजलि विशेषांक का विमोचन :** इस मौके पर जैन गजट लखनऊ द्वारा प्रकाशित गणाचार्य श्री विरागसागर विनयांजलि विशेषांक का विमोचन भव्य तरीके से किया गया।

चतुर्थ सत्र दोपहर 2 बजे से शुरू हुआ। अध्यक्षता प्रोफेसर फूलचंद्र जैन प्रेमी वाराणसी, सारस्वत अतिथि डॉ. शीतल चंद्र जैन जयपुर, संचालन पंडित विनोद कुमार जैन रजवांस ने किया। इस सत्र में आलेख डॉ. सुनील जैन संचय ललितपुर, पंडित सुनील जैन सुधाकर सागर, डॉ. पंकज जैन इंदौर ने प्रस्तुत किए। इसके बाद आयोजन समिति द्वारा विद्वानों का भव्य सम्मान चातुर्मास समिति के अध्यक्ष हंसराज जैन, कार्याध्यक्ष जागेश जैन, संयोजक संजीव जैन श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सआदतगंज लखनऊ के अध्यक्ष वीरेन्द्र गंगवाल, महामंत्री प्रमोद गंगवाल, मंत्री मनोज छाबड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमलचंद बाकलीवाल, धर्मशाला प्रबंधक विकास जैन काला, कोषाध्यक्ष किशन गंगवाल, रितेश रावका, कमल रावका, प्रमोद जैन, विनय जैन, चित्रा जैन आदि ने किया।

-डॉ सुनील जैन संचय

# गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी के शिष्य डॉ. जीवन प्रकाश जैन जी ने अमेरिका के अटलांटा में दसलक्षण पर्व में किए अनेक संबोधन



**अमेरिका (विश्व परिवार)।** सर्वोच्च जैन साध्वी गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी के शिष्य डॉ जीवन प्रकाश जैन जंबुद्विप हस्तीनापूर ने इस बार अमेरिका के जॉर्जिया स्टेट में अटलांटा स्थित भगवान महावीर दिगंबर जैन मंदिर में जैन धर्म की मेहतित भावना करते हुए दशलक्षण पर्व सानंद सम्पन्न किया। प्रतिदिन अटलांटा में रहने वाले भक्तों ने दूर दूर से आकर दशलक्षण पर्व का आनंद उत्साह से मनाया। प्रात: काल डॉ जीवन प्रकाश जैन जी के निर्देशन में दशलक्षण धर्म का विधान प्रतिदिन संपन्न किया गया। साथ ही सोलह कारण की पूजा, पंचमेरू की पूजा आदि नियमित पूजाए भी प्रतिदिन सानंद संपन्न हुई। विशेष रूप से दशलक्षण के मध्य शनिवार एवं रविवार को दो मंडल विधानोंका आयोजन किया गया। शनिवार को मनोकामना सिद्धी महावीर मंडल विधान के साथ संपन्न किया गया। एवं रविवार को ऋषि मंडल विधान उत्साह के साथ सभी भक्तों ने मांडले पर अर्घ्य चढ़ाते हुए संपन्न किया। इसी प्रकार दशलक्षण पर्व में प्रतिदिन सायंकाल भगवान की मंगल आरती संपन्न हुई। एवं रात्रि दशधर्म के उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य और ब्रह्मचर्य इन दशधर्मों पर लेक्कर सीरीज संपन्न हुई। इसके साथ ही भगवान वृषभ देव के दश अवतारों पर भी डॉक्टर जीवन प्रकाश जी ने भक्तों को 10 दिन तक प्रतिदिन एक ही प्रकार की गाथा सुनाकर कथा सुनाकर सभी भक्तों को भगवान वृषभ देव के पूर्व भवोका अनुस्मरण कराया। साथ ही भगवान वृषभ देव के पूर्व भवो के इन संस्मरणो से अपने जीवन में भी अनेक प्रेरणाये लेने की बात बताई।

ज्ञात होवे कि जैन धर्म परिणामों पर आधारित है। जीस व्यक्ति के मन में जो परिणाम होते हैं, अर्थात जो भाव होते हैं उसी के आधार पर उसे कर्म सिद्धांत के अनुरूप फल प्राप्त होता है। इसलिए जैन दर्शन में आत्मा के दस गुण बताए गए हैं। जिसमें उत्तम क्षमा हमारी आत्मा का एक गुण है। क्रोध नहीं करना और उत्तम क्षमा को धारण करना और अपने जीवन को सफल करना। उत्तम मार्दव हमारे जीवन में मान नहीं करने की प्रेरणा देता है। उत्तम आर्जव हमारे जीवन में मायाचारी से बचने की और मायाचरी नहीं करने की, छल कपट का भाव नहीं रखने की प्रेरणा प्रदान करता है।

इसी के साथ उत्तम सत्य अपने जीवन में सत्य वचन बोलने के लिए और उसके साथ हित, मित्र, प्रिय वचन बोलने की प्रेरणा प्रदान करता है। उत्तम शौच धर्म आत्मा की पवित्रता के लिए लोभ से दूर रहने की बात करता है। उत्तम संयम धर्म अपने पांच इंद्रीयों को संयमित करने की बात कह कर इस जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को, प्रत्येक मनुष्य को एक अच्छा जीवन जीने की, संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान करता है।

उत्तम तप धर्म प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में तपस्या यानी की उपवास, एकासन आदि करके अपने इंद्रियो के नीरोध करने की प्रेरणा प्रदान करता है। उत्तम त्याग धर्म दान पर आधारित है, जो अपने जीवन में चार प्रकार के दानों को देना इस बात को बताता है। और उत्तम आकिंचन्य धर्म जो हमारे इस संसार में जितना भी कुछ है वो इस संसार में सब कुछ नश्वर है। इसलिए किंचित भी संसार में मेरा नहीं। ऐसा भाव उत्तम आकिचन्य धर्म से प्राप्त होता है। और अंत में उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म जिसमें ब्रह्म अर्थात आत्मा और चर्या करने वाले जो भक्त हैं उसे वो अपने जीवन में समस्या, सुख, शांति और सिद्धि को प्राप्त करते हैं, गुणों को प्राप्त करते हैं। इस प्रकार प्रतिदिन अनेक व्याख्याओं के साथ में अटलांटा के दिगंबर जैन समाज के भक्तों को डॉ जीवन प्रकाश जैन जी ने संबोधन देकर के जैन धर्म के मर्म को समझाया और अत्यंत ही सानंद संपन्नता के साथ, सफलता के साथ दशलक्षण पर्व अटलांटा शहर में डॉक्टर जीवन प्रकाश जैन साहब के निर्देशन में सानंद संपन्न हुआ। अंत में। अंत में आश्विन शुक्ला एकम को भगवान ऋषभ देव का मस्तका अभिषेक करके सभी लोगों ने क्षमावाणी पर्व मनाया और रात्रि में सांस्कृतिक प्रोग्राम के माध्यम से सभी लोगों ने खूब आनंद लिया। इस अवसर पर जिन लोगों ने दशलक्षण पर्व में उपवास, एकासन आदि व्रत किये उन तपस्वीयोंका सन्मान करके उनकी अनुमोदना कि गयी और कार्यक्रम सानंद संपन्न हुआ।

-अभिषेक अशोक पाटील

# मुनि श्री संधानसागर जी महाराज का अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया गया



**इन्दौर (विश्व परिवार)।** संत शिरोमणी आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी के परम प्रभावक शिष्य परम तपस्वी मुनि श्री 108 संधान सागर जी महाराज का इन्दौर के मोहता भवन में 51वाँ अवतरण दिवस श्रावको ने बड़े उत्साह के साथ मनाया। प्रात: काल में ही श्रावक गण बैड? पार्टी के साथ गुरु चरणों में पहुँचे वहाँ मुनिसंघ के दर्शन के साथ पूज्य मुनिवर की पाद प्रक्षालन किया साथ ही सभी ने भक्ति भाव से मुनिश्री की पूजा भी की। पुरा संत भवन बहुत सुन्दर सजाया गया। मुनि श्री के कर कमलो में इस अवसर पर अनेको भक्तों ने शास्त्र भेंट कर पुण्यार्जन किया। राजस्थान की गुलाबी नगर जयपुर में जन्मे बालक रोहित ने आचार्य विद्यासागर जी महाराज से दीक्षा ले अपनेकदम मोक्षमार्ग पर बढायें। मुनिश्री की वाणी से हजारी लाखों प्रभावित हो सात्विक जीवन जीने की ओर बढ़ रहे हैं। ध्यान रहे इस अवसर पर पूज्य श्री के गृहस्थ अवस्था के बड़े भ्राता मोनिक काला आदि परिवार सहित उपस्थित थे (मुनिवर का अवतरण दिवस इन्दौर में ही से नही अपितु एलोरा में गुरुकूल एवं समाज ने बड़ी धूमधाम से मनाया। उन्होंने मुनि श्री के जीवन वृत पर पोस्टर आदि का विमोचन किया। इन सब के होते हुये भी पूज्य मुनि श्री ने इस दिन उपवास रखा, ध्यान किया। मुनि श्री सदैव कहते है जन्म की सार्थकता तप करने में हैं। 24 में से 22 तीर्थकर ने जन्मल्याणक के दिन ही दीक्षा / तप कल्याण को अंगीकार किया। यह इस बात का घोतक है कि मिला हुम तप है कर्म का नाश मुनि श्री कहते ही नहीं तपस्या करके बताते है कि हमने बहुत शक्ति है उसे उदघाटित करें।

# पांचों इन्दियों का विषय तो निश्चित है लेकिन मन का न तो नियत स्थान है और न ही विषय निश्चित है : मुनि श्री संधान सागर जी



**इंदौर (विश्व परिवार)।** पांचों इन्दियों का विषय तो निश्चित है लेकिन मन का न तो नियत स्थान है और न ही विषय निश्चित है। उपरोक्त उद्गार मुनि श्री प्रमाण सागर जी संघस्थ मुनि श्री संधान सागर जी महाराज ने व्यक्त किये।उन्होंने कहा कि हम कर तो रहे है लेकिन क्या कर रहे है यह नहीं मालुम? उन्होंने कहा कैसे बोलू? कैसे रहू? कैसे बैठू? कैसा भोजन करू? यह जानकारी जब हमें नहीं है तो हमारा जीवन को सही दिशा कैसै मिलेगी?उन्होंने कहा कि यतन पूर्वक बोलना, बैठना, भोजन करना तथा यत्न पूर्वक रहने का अभ्यास हो जाऐगा तो आप पाप से बच जाओगे उन्होंने कहा कि आजकल बीमारियों का सबसे बड़ी जड़ है, हमारा खानपान? पहले चुल्हे की रोटी बनती थी जो पचकर रस उत्पन्न करती थी आजकल गैस पर रोटी बनती है जो गैस उत्पन्न करती है, पहले के वर्तन मिट्टी के हुआ करते थे जिसमें भोजन पकता था आजकल भोजन कुकर का होता है जो पकता नही फटता है जो भोजन धीरे धीरे पकता था वह शरीर में रस बनाता था आजकल रस हीन भोजन है इसीलिये लोग आजकल जल्दी बीमार पड़ते है। इस अवसर पर क्षु. श्री आदर सागर महाराज ने कहा कि क्रोध के निमित्त मिलने पर यदि मेंने क्रोध किया और उसी समय आयू का बंध हो गया तो निश्चित करके नरक गति का ही बंध होगा अत: प्रति समय सावधान रहने की आवश्यकता है। मीडिया प्रभारी राहुल जैन एवं प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज की पड़गाहन करके आहार कराने का सौभाग्य सिम्पल जैन तथा अंकिता जैन रैस कोर्स रोड़ को प्राप्त हुआ आगामी 29 सितंवर रविवार को मुनिसंघ प्रात:कालीन बेला में मोहताभवन से प्रात:6 बजे नसिया जी की और प्रस्थान करेंगे आगामी 12 नवम्वर से19 नवम्वर तक श्री सिद्धचक्र महामंडल विजय नगर में मुनि श्री संघ सानिध्य में संपन्न होगा जिसमें इंद्र इंद्राणी बनने के लिये अंतिम तिथी 30 सितंवर है। धर्म प्रभावना समिति के निर्देशक अभय भैया, अध्यक्ष अशोक डोसी, महोत्सव अध्यक्ष नवीन गोधा महामंत्री हर्ष जैन सहित समस्त पदाधिकारियों ने उक्त महामहोत्सव में शामिल होंनै की अपील की है। -**अविनाश जैन**

# साधुओं की भैक्ष्यवृति में हमेशा सहयोग करना चाहिए : मुनि प्रणम्य सागर जी महाराज



**जयपुर (विश्व परिवार)।** संत शिरोमणि आचार्य 108 विद्यासागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज के मुखारबिन्द से गुरुवार को मधुवन टौकफाटक के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर दिगम्बर जैन मंदिर में कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण का वाचन किया गया।

इससे पूर्व मुनि श्री ससंघ का गाजो बाजों के साथ मधुवन टौकफाटक के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इससे पूर्व मुनि श्री जनकपुरी दिगम्बर जैन मंदिर से मंगल विहार कर बरकतनगर के मंदिर के दर्शन लाभ प्राप्त करते हुए मधुवन टौकफाटक मंदिर पहुचे।मार्ग में जगह जगह मुनि संघ की श्रद्धालुओं द्वारा भव्य अगवानी एवं पाद पक्षालन किये गये। इस मौके पर आयोजित धर्म सभा में मुनि श्री के पाद पक्षालन एवं शास्त्र भेट मनोरमा देवी, सुनील, कमलेश, अनिल-सीमा छाबडा परिवार ने किये। मुनि श्री ने पारस पुराण कथा का वाचन करते हुए 22 परिषह में से याचना व अलाभ परिषह के बारे में बताया।

मुनि श्री ने कहा कि सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, और सम्यक चारित्र, जैन धर्म के त्रिरत्न कहलाते हैं और यह मोक्ष की ओर अग्रसर होने के तीन मुख्य आधार हैं। यदि मनुष्य इन तीनों तत्वों को अपने जीवन में आत्मसात कर लेता है, तो वह मोक्ष मार्ग पर अग्रसर होता है और धर्म के वास्तविक प्रभाव में आ जाता है। इसका मतलब है कि वह अपने जीवन को पवित्र और शांतिपूर्ण बना सकता है और जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति प्राप्त कर सकता है। -**विनोद जैन कोटखावदा**

# सेवा में निष्काम भाव जरूरी : सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज




**नवापारा राजिम (विश्व परिवार)।** सितंबर को हरिजन सेवक संघ द्वारा आयोजित 92 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सदभावना सम्मेलन में अपने पावन आशीष प्रदान करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने फरमाया मानव सही मायनो में तभी मानव बनता है अगर वो हर भेद भाव से ऊपर उठकर सब में परमात्मा का रूप देखकर निष्काम भाव से सबकी सेवा करे।

इस अवसर पर हरिजन सेवक संघ के अध्यक्ष डॉक्टर शंकर कुमार सान्याल व उप प्रधान श्री नरेश यादव ने सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी का अंग वस्त्र और सूती दुपट्टा पहनाकर स्वागत व सम्मान किया। देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी द्वारा स्थापित इस धरोहर के स्थापना दिवस पर उन्ही की प्रेरणा का संकेत, एक चरखे का लघु स्मृतिचिह्न भी सेवक संघ की ओर से सतगुरु माता जी के प्रति समर्पित किया। इस अवसर पर जहाँ हरिजन सेवक संघ के छात्रों ने स्वागत गीत व सरस्वती वंदना का गायन किया वहीं निरंकारी इंस्टिट्यूट ऑफ म्यूजिक एंड आर्ट के बच्चों द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन के अतिरिक्त अन्य भक्ति गीतों का मधुर गायन भी हुआ।

# अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता में विप्र महाविधालय 3-2 से बनी विजेता



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मैच खेला गया पहला सेमीफाइनल मैच विप्र महाविद्यालय रायपुर विरुद्ध शासकीय छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर के मध्य खेला गया दोनों ही टीमे अंत तक 1-1 की बराबरी पर रही मैच का फैसला टाई ब्रेकर के माध्यम से किया गया। विप्र महाविद्यालय की ओर से प्रवेश, यशवंत, चंद्र प्रकाश, रोहित ने गोल किया और नीलाभ ने बाल बाहर मारा और छत्तीसगढ़ महाविद्यालय की ओर से अमीर, निशांत और देवेश ने गोल किया एल्विन और साहिल ने बॉल बाहर मार दिया इस प्रकार विप्र महाविद्यालय की टीम 5-4 से विजयी रही। आज का दूसरा सेमीफाइनल मैच यूटीडी रायपुर और नेताजी सुभाष महाविद्यालय अभनपुर के बीच में खेला गया मैच के 18 मिनट में ही नेताजी सुभाष के अंकुश टोप्पो ने शानदार गोल किया और अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी मध्यांतर तक यह बढ़त बरकरार थी मैच के 36 मिनट में यूटीडी के अविनाश ने शानदार गोल कर अपनी टीम को बराबरी दिला दी शानदार मुकाबले में अंत तक दोनों ही टीमें बराबरी पर रही।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./14809/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 26-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14809
वार्ड का नाम-43-महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 43 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR561F00126** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MANOJ SARATHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GANNU RAM** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JITENDRA MAHANAND** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. NETWAR MAHANAND** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./14817/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 26-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14817
वार्ड का नाम-40-ठाकुर प्यारेलाल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 40 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR569L00489** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **NAJUL GOURI BAI YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BALRAM YADAV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ASHOK KUMAR SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. GANESH RAM SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./14813/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 26-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14813
वार्ड का नाम-67-भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR663FAP202** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **ASK FREEHOLD REALITY PVT. LTD. DWARA ANURAG NATHANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **....** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **AAYUSH MATHUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHANTI MATHUR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./14815/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 26-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14815
वार्ड का नाम-42-पं. सुंन्दरलाल शर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 42 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR566B00341** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **DEEPAK TYAGI, IRA, ELA, HUSBAND JOY, LALITA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAGHUVANSH SINGH TYAGI, YEKESH, DEEPAK TYAGI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ADITYA KRISHN TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DHANANJAY TIWARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./14836/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 26-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14836
वार्ड का नाम-67-भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR663HVC117** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **M/S STAR VALLY BUILDERS INDIA PVT. LTD.** पिता/पति, श्री/श्रीमती **....** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHITAL PADAMWAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ANKUR PADAMWAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./14838/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 26-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14838
वार्ड का नाम-66-वामनराव लाखे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 66 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR664J00368** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SAVITRI BAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DAYARAM** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAJESH DHURVE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. KASHIRAM DHURVE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./14837/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 26-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14837
वार्ड का नाम-40-ठाकुर प्यारेलाल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 40 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR560C00214** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MANJU AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANTOSH AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ANJU AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHYAM AGRAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./14835/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 26-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14835
वार्ड का नाम-43-महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 43 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR561C0139H** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **ABHISHEK AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. PRAKASH NARAYAN AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ANURAG AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAM GOPAL AGRAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेसियों ने निजी अस्पताल के खिलाफ छेड़ा अभियान

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हुए महिला की मौत को लेकर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर ज्ञापन सौंपते हुए महिला की मौत की जांच और निजी अस्पताल के ऊपर दंडात्मक कार्यवाही की मांग किए।ज्ञात हो की 21 अगस्त 2024 को नीरा बाई पहाड़िया जो कि विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के द्वारा छुरा स्थित सकल्प छत्तीसगढ़ हॉस्पिटल में ईलात कराने के लिये गई थी जो कि 7 से 8 माह की गर्भवती थी।जिसके बाद उपरोक्त हॉस्पिटल में पदस्थ एक डॉ.के द्वारा इंजेक्शन लगाया गया टेबलेट दिया गया और रात्री में खाने के लिये बोला गया जिसके बाद नीरा बाई पहाड़िया के द्वारा टेबलेट खाने के बाद करीबन 12 बजे पेट दर्द होने के बाद पुन:उपरोक्त हॉस्पिटल में गया तो डॉ.के द्वारा सोनग्राफी किया जिसमें बच्चा मृत बताया गया है।आगे आवेदन में उल्लेख कर बताए की उपरोक्त पदस्थ डॉ. के द्वारा गलत तरीके से टेबलेट देने से एक बच्चा मृत हो गया जिससे सकल्प छत्तीसगढ़ हॉस्पिटल की लचर व्यस्था दिखता है,जिस कारण तत्काल रूप से हॉस्पिटल को सीलबंद किया जाये जिससे ऐसी घटना दुबरा ना हो सकें।साथ महिला की मौत पर जांच कर उपरोक्त हॉस्पिटल को सील बंद करने की मांग किया गया।

### नशेड़ी शिक्षक को हटाने की मांग, तालाबंदी की चेतावनी

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर जनदर्शन में ग्रामीणों के आवेदन देते हुए स्कूल में पदस्थ नशेड़ी शिक्षक को हटाने की मांग किए ,वही शिक्षक को न हटाने की स्थिति में स्कूल में तालाबंदी किए जाने की चेतावनी भी दिया गया।ज्ञात हो की शासकीय प्राथमिक शाला खुर्सीडीह (मोंहदा) के ग्रामीणों ने युवा कांग्रेस बिद्रानवागढ विधान सभा महासचिव यशवंत कुमार यादव के नेतृत्व मे गरियाबंद पहुँचकर जनदर्शन मे कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बताए की गांव के स्कूल में पदस्त प्रधान पाठक केशव कुमार सोनवानी जो कि रोज स्कूल नही आता हैं।कई बार शाला प्रबंध समिति के सदस्यो एवं ग्रामीणो द्वारा समझाने के बाद भी यहां शिक्षक नशापान करके स्कूल आता है।बच्चो पुछने पर उनके नशा पान के बारे में बताया जाता हैं,जिसके कारण स्कूल में बच्चो की पढ़ाई प्रभावित होता हैं।कई बार हमारे शिक्षा समिति के सदस्यो द्वारा उन्हे नशे की हालत में स्कूल में देखा गया हैं।हमारे ग्राम मोहदा के प्राथमिक शाला खुर्सीडीह आसपास का जानामाना स्कूल हैं जहां से प्रतिवर्ष नवोदय व एकलव्य विद्यालय में बच्चों का चयन होता हैं।वर्ष-2023 में केशव कुमार सोनवानी प्रधान पाठक के पद पर स्कूल में आये हैं और उनका डयुटी ठीक नहीं हैं समक्षाईस देने के बाद भी उनके व्यवहार व नशापान में सुधार नहीं लाने के कारण हम समस्त ग्रामवासी आपसे निवेदन करते हैं कि उन्हें प्राथमिक शाला खुर्सीडीह से हटाकर अन्यत्र भेजने व उनके स्थान पर दूसरा शिक्षक स्कूल में भेजने का मांग किया गया वही 1 अक्तूबर 2024 तक उन्हे स्कूल से हटाकर अन्य दुसरा शिक्षक की व्यवस्था नही किये जाने पर स्कूल में तालाबंदी किए जाने की बात कहे।

### कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने ली समय सीमा की बैठक

**सारंगढ़-बिलाईगढ(विश्व परिवार)।** कलेक्टर धर्मेश साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के कार्यों की प्रगति, सीएम जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन आदि के आवेदनों का समीक्षा समय सीमा की बैठक में किया। कलेक्टर ने बैठक में तहसीलदारों को कहा कि किसी भी नागरिक द्वारा राजस्व संबंधी नकल की मांग किया जाए तो शीघ्र प्रदान करें। इसी प्रकार धान खरीदी और बोनस राशि के बंटवारा संबंधी विवाद के लिए कलेक्टर ने अपेक्स बैंक के अधिकारियों को कहा कि धान खरीदी पंजीयन के दौरान किसी भूमि के संयुक्त खातादारों का संयुक्त बैंक खाता की मांग की जाए ताकि दो तीन भाई बहन के धान खरीदी और बोनस की राशि को कोई एक व्यक्ति बिना किसी दूसरे भाई बहन की सहमति और हस्ताक्षर के बिना राशि निकाल न सके। इसी प्रकार कलेक्टर ने रकबा, खसरा और किसान की एंट्री में सावधानी रखने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी किसान का रकबा, खसरा और किसान सही होना चाहिए। किसी प्रकार की गलत एंट्री नही होनी चाहिए। राशन कार्ड के ईकेवाईसी में राज्य में दूसरे स्थान मिलने पर खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह को कलेक्टर ने बधाई दी और सभी सीएमओ को भी संबोधित करते हुए कहा कि गांव और शहर में निरंतर ऐसे वंचित राशन कार्ड धारियों को चिन्हित कर ईकेवाईसी पूरा करें। जिला दंडाधिकारी धर्मेश साहू ने एसडीएम बिलाईगढ़ को पीडीएस दुकान के संचालक द्वारा गबन किए गए राशि के कुर्की कार्यवाही में चल संपत्ति बैंक खाता की राशि और दुकान आदि को सील करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व कार्यों विवादित-अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, गिरदावरी, पटवारियों के बस्ता जांच, त्रुटि सुधार, कुर्की, नजूल, लंबित प्रकरण, डिजिटल सर्वे, जिला स्तरीय शिविर के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की।

## शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर करें कारगर क्रियान्वयन : कमिश्नर डोमन

**कमिश्नर बस्तर ने संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर कारगर क्रियान्वयन करें। संभाग स्तरीय अधिकारी अपने अधीनस्थ जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के कार्यों की नियमित तौर पर समीक्षा करें और प्रभावी तरीके से योजनाओं को जनसाधारण तक पहुंचाने की दिशा में सकारात्मक प्रयास करें। जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करें, ताकि समय की बचत हो तथा फील्ड में उन्हें काम करने का ज्यादा अवसर मिल सके। वहीं क्षेत्र भ्रमण के दौरान योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण कर सतत मॉनिटरिंग करें और मैदानी अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें। मैदानी स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने अधिकारियों-कर्मचारियों का उत्साहवर्धन भी करें, जिससे अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रोत्साहन मिल सके। कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने बुधवार को कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में उक्त निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत अपने विभागीय कार्यालय सहित अधीनस्थ कार्यालय एवं परिसरों में स्वच्छता एवं साफ-सफाई अभियान चलाए जाने कहा। वहीं इसे नियमित तौर पर हर महीने के तीसरे शनिवार को सुनिश्चित किए जाने हेतु बल देते कहा कि स्वच्छता हमारी व्यवहार में शामिल हो, इस हेतु कार्यालय परिसर की साफ-सफाई के साथ ही दफ्तर को भी व्यवस्थित रखने का सार्थक पहल करें।

## मोर बूथ मोर अभियान में शामिल हुये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव

**भाजपा के सदस्य बनने में लोगों में अभूतपूर्व उत्साह - किरण देव**



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के मोर बूथ मोर अभियान के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने जगदलपुर विधानसभा के ग्राम आसना तामाकोनी पारा मे बूथ क्रमांक 20 में प्रत्येक मतदान केंद्र में सौ नए सदस्य बनाने के लक्ष्य के तहत भाजपा के नए सदस्य बनायें। जिसमें महिलायें ,युवा ,वरिष्ठ नागरिक सभी वर्गों ने बढ़ चढ़कर भारतीय जनता पार्टी की नई सदस्यता ग्रहण की। सभी नए सदस्यों को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनने पर बधाई देते हुए सभी को परिवार में आने की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर देव ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी है, जिसमें माननीय नरेंद्र मोदी जी ,राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में नए सदस्य बनाए जा रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से भाजपा का सदस्य बनने आग्रह किया। देव ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनका पुण्य स्मरण करते हुये अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## देश के विकास व समृद्धता के लिए निस्वार्थ भाव से सेवा ही भाजपा का संकल्प : रंजना साहू

**धमतरी(विश्व परिवार)।** जनसंघ के संस्थापक एकात्म मानववाद के प्रणेता, अंत्योदय की विचारधारा को बढ़ाने वाले महान दार्शनिक, पथप्रदर्शक प. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर अपने अपने बूथों में मोर बूथ मोर अभियान कार्यक्रम के तहत प्रत्येक मतदान केंद्र से 100 नए भाजपा सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके तहत भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, पूर्व विधायक एवं हटकेशर वार्ड कि बुथ पालक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने सर्वप्रथम उपाध्याय जी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर हटकेशर वार्ड के बूथ में जाकर मोर बूथ मोर अभियान की शुरूआत किए। इस अवसर पर वार्ड में मोबाइल से ऑनलाइन नए भाजपा सदस्य बनाई। श्रीमती रंजना साहू ने बताया कि मजबूत भारत निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी में सदस्यता ग्रहण कर देश की समृद्धि व मजबूती के लिए अपना सहयोग दे सकते हैं। जिन्होंने सदैव देश के विकास और समृद्धता के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य किए हैं।यहीं बीजेपी की पहचान है, श्रीमती साहू ने आगे बताया कि पुरोधा स्व. पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी कि आज जन्म जयंती है इस अवसर पर सदस्यता अभियान को में नए सिरे का मोर बूथ मोर अभियान यह निश्चित ही भाजपा सदस्यता अभियान को नए मुकाम पर पहुंचाएगा। प्रत्येक मतदान केंद्र में 100 मतदाताओं को भाजपा सदस्य बना कर इस अभियान को और आगे बढ़ाया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से इस अभियान में मुकेश साहू भूत अध्यक्ष, संतोषी साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## आवारा मवेशियों के रोकथाम के लिए चलाया जा रहा व्यापक अभियान

**आवारा पशुओं को गौशाला एवं गौठानों में सुरक्षित भेजा रहा**

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले के सड़कों से घुमंतू एवं आवारा मवेशियों को हटाने का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सड़को में घुमने वाले मवेशियों से होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की पहल की जा रही है। आवारा पशुओं को सड़को से सुरक्षित हटाने के लिए काऊ केचर की टीम लगी हुई है। टीम के सदस्यों द्वारा पशुओं को सुरक्षित रूप से गाड़ियों में रखकर नजदीकी गौशाला एवं गौठाना में भेजा रहा है। गौशाला एवं गौठाना में चारे पानी की व्यवस्था की गई है। जिससे पशुओं के भोजन की भी समस्या नहीं होगी। मवेशियों के रोकथाम के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे हुए क्षेत्रों नगर पालिका गरियाबंद, नगर पंचायत कोपरा सहित फिंगेश्वर में भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही पशु मालिकों से अपील भी की जा रही है कि अपने मवेशियों को खुले में न छोड़े इससे सड़कों में दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। जानबुझ कर अपने मवेशियों को सड़कों में खुले छोड़ने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही के बारे में भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## गर्लफ्रेंड से मिलने गए नाबालिग को थाने में बेरहमी से पीटकर सड़क पर फेंका, थाना प्रभारी लाइन अटैच

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** राजनांदगांव जिले के छुरिया थाना क्षेत्र में अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने गए नाबालिग की पुलिस ने थाने में जमकर पिटाई कर दी। नाबालिग लड़के को पुलिस ने बेरहमी से पीटा और सड़क पर फेंक दिया। गंभीर घायल नाबालिग को अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं मामले में छुरिया थाना प्रभारी को लाइन अटैच कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग निवासी एक नाबाालिग लड़का 21 सिंतबर को अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने के लिए ग्राम छुरिया पहुंचा था। उस दौरान लड़की के घर में सिर्फ उसकी दादी थी। नाबालिग ने बताया कि वह अपनी गर्लफ्रेंड के साथ बैठकर खाना खा रहा था। तभी उसकी दादी आ गईं। इस पर वह दोनों डरकर कमरे में छिप गए। संदेह होने पर उसकी दादी ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद आसपास के ग्रामीण भी पहुंच गए। वह लोग रात भर दरवाजा पीटते रहे। इसके चलते रात करीब 1 बजे से सुबह 6 बजे तक कमरे से बाहर नहीं निकले। इसके बाद लड़की के परिजन भी पहुंच गए। यह देखकर लड़की ने ही डायल-112 को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम नाबालिग लड़के को लेकर छुरिया थाने पहुंची जहां उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी गई और सड़क पर छोड़ दिया गया। जिसके बाद पीड़ित नाबालिग के पिता ने भी पुलगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई है। नाबालिग के पिता ने पुलिस पर बेटे को बेरहमी से पीटने का आरोप लगाया है। वहीं पुलगांव थाना प्रभारी का कहना है कि हमारे पास ऐसी कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है। ईधर नाबालिग की पिटाई का मामला सामने आने के बाद छुरिया थाना प्रभारी अवनीश श्रीवास को लाइन अटैच कर दिया गया है। डोंगरगढ़ एसडीओपी आशीष कुंजाम ने बताया कि शिकायत के बाद शुरुआती जांच कर उसकी रिपोर्ट एसपी को सौंपी गई है।

## कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने किया गीदम विकासखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा



**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज गीदम विकासखंड के अंतर्गत कारली, बड़े पनेड़ा, जावंगा, पोटाकेबिन गुमड़ा पंचायत का आकस्मिक दौरा किया। दौरे के प्रथम क्रम में उन्होंने कारली, छोटे तुमनार के उप स्वास्थ्य केंद्र में लगे शिविर का निरीक्षण किया और निर्देश देते हुए कहा कि शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आयुष्मान कार्ड बनाया जाए ताकि आम जनों को शासन की इस महत्वपूर्ण लाभकारी योजना से लाभान्वित हो सके। इसके पश्चात उन्होंने बड़े पनेड़ा के आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित हितग्राहियों से चर्चा करते हुए कहा कि उनसे पोषण माह अंतर्गत आयोजित गतिविधियों के बारे में पूछा। इसके अलावा उन्होंने सुपोषण अभियान अंतर्गत लाभ लेने वाले हितग्राहियों से आंगनबाड़ियों में दिए जाने वाले ''यूनिवर्सल'' अंडा वितरण के बारे में जानकारी लेते हुए नियमित प्रदाय की जानकारी चाही। साथ ही उन्होंने उनसे प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्र आकर सुपोषण योजना के लाभ लेने के लिए समझाइश दी। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित पर्यवेक्षक और परियोजना अधिकारी को पोषण वाटिका लगाने के लिए निर्देशित किया गया साथ ही पोषण माह थीम वार आयोजित करने को भी कहा। इसके पश्चात कलेक्टर ने जावंगा स्थित एफआरए क्लस्टर का निरीक्षण किया और एफआरए क्लस्टर क्षेत्र जावंगा में जंगल झाड़ियों को साफ-सफाई कर हल्दी एवं पपीता के पौधे एक सप्ताह में लगाने के कार्य को पूर्ण करने के लिए कहा। इसके साथ ही उन्होंने मुर्गी शेड, डबरी निर्माण, गाय शेड निर्माण कर हितग्राहियों को इसमें जोड़कर आजीविका गतिविधियों के साधन तैयार करने का निर्देश देते हुए वृक्षारोपण हेतु पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कर सोलर सिस्टम या बिजली से सिंचाई करने, और हितग्राहियों को मछली पालन हेतु प्रशिक्षण प्रदान की व्यवस्था करने को भी कहा। इसके साथ ही कलेक्टर ने ग्राम झोड़ियाबाड़म में मिर्च प्लान्टेषन का भी अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने इस दौरान ग्राम गुमड़ा में संचालित पोटाकेबिन का भी निरीक्षण करते हुए बालक अवधारणा कक्ष का अवलोकन किया। यहां उन्होंने शिक्षकों के द्वारा बच्चों को कराई जा रही गतिविधियों को भी देखा। इस पोटाकेबिन में छात्रों द्वारा ''बाला पेंटिंग'' के द्वारा विभिन्न प्रकार की आकृतियों का उपयोग कर बच्चों को पढ़ाए जाने संबंधी गतिविधियां की जा रही है। इसके अलावा कलेक्टर ने पोटाकेबिन की नियमित साफ-सफाई के संबंध में अधीक्षक को निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने स्वच्छता ही सेवा 2024 अंतर्गत आयोजित स्वच्छ इंटर स्कूल प्रतियोगिता के तहत स्वच्छता रंगोली, स्वच्छता ड्राइंग, स्वच्छता निबंध कार्यक्रम का भी अवलोकन किया। इस प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद स्कूल गीदम के छात्रों द्वारा उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों एवं समस्त छात्रों को स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। कलेक्टर ने इस मौके पर विजेताओं को 2 अक्टूबर स्वच्छ भारत दिवस पर नगर पंचायत कार्यालय में पुरस्कृत करने के निर्देश दिए।

## व्यापार समाचार

## मोर्टिन भारत के पहले 2-इन-1 स्प्रे के साथ देता है मच्छरों और कॉकरोच दोनों से सुरक्षा

**नईदिल्ली:** पेस्ट कंट्रोल के क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी ब्रांडों में से एक मोर्टिन ने अपने एक नए कैम्पेन, 'बच्चे बच्चे को पता है' की घोषणा की है। इस कैम्पेन में कंपनी अपने इनोवेटिव प्रोडक्ट भारत के पहले 2-इन-1 स्प्रेस मोर्टिन 2-इन-1 के बारे में बताएगा। मोर्टिन 2-इन-1 मच्छरों और कॉकरोच दोनों को 100% मारता है। नया कैम्पेन यह बताता है कि भारतीय घरों में पाए जाने वाले कॉकरोच और मच्छरों दोनों को मारने के लिए मोर्टिन 2-इन-1 कितना सुविधाजनक है और यह कितना असरकारक है। यह कैम्पेन बताता है कि कीटाणुओं के कारण बच्चों की सेहत पर पड़ने वाले असर को लेकर भारतीय माता-पिता की चिंताएं कितनी तेजी से बढ़ रही हैं। खासतौर पर मानसून के मौसम में जब मच्छरों के कारण डेंगू, मलेरिया और कॉकरोच के कारण टाइफाइड जैसी बीमारियाँ बड़े पैमाने पर होती हैं, ऐसे में नया अभियान इस बात पर जोर देता है कि कैसे मोर्टिन का 2-इन-1 स्प्रे मच्छरों और कॉकरोच दोनों से सुरक्षित रखने के लिए एक सुविधाजनक और संपूर्ण समाधान प्रदान करता है। यह भरोसा परिवारों को मानसिक शांति प्रदान करता है। सौरभ जैन, रीजनल मार्केटिंग डोयरेक्टर, साउथ एशिया - हाइजीन, रेकिट ने कहा, मॉर्टिन हमेशा से ही अपने ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार प्रोडक्ट तैयार करने पर ध्यान देता रहा है। आज, भारत में घरेलू पेस्ट स्प्रे का उपयोग करने वाले अधिकांश लोग ऐसे स्प्रे का उपयोग करते हैं जो खासतौर पर या तो मच्छरों के लिए या फिर कॉकरोचों के लिए डिज़ाइन किया गया है। चूंकि ज्यादातर घरों में साल भर मच्छर और कॉकरोच दोनों की समस्या रहती है, ऐसे में ये लोगों के लिए एक बड़ा खतरा बन सकते हैं। हमारा नया कैम्पेन भारत के पहले 2-इन-1 स्प्रे की ताकत के बारे में बताता है। यह स्प्रे हमेशा संपूर्ण सुरक्षा प्रदान करता है। मोर्टिन 2-इन-1 स्प्रे एक ही स्प्रे से कॉकरोच और मच्छरों दोनों को 100% मारता है, जिससे भारतीय घरों को संपूर्ण सुरक्षा मिलती है।

## स्वस्थ हृदय के लिए धातु रहित एंजियोप्लास्टी का विकल्प- डॉ. सतीश सूर्यवंशी



**रायपुर** / कोरोनरी धमनी रोग या धमनी अवरोधों के लिए एंजियोप्लास्टी कराते समय, सभी उपलब्ध उपचार विकल्पों को समझना बेहद ज़रूरी होता है। परंपरागत रूप से, धमनियों को खुला रखने के लिए एंजियोप्लास्टी प्रक्रियाओं में धातु के स्टेंट का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता रहा है। हालाँकि, हाल ही में हुई प्रगति ने बायोरिसॉर्बेबल स्कैफोल्ड्स (बीआरएस) और ड्रग-कोटेड बलून (डीसीबी) जैसे बेहतरीन विकल्प पेश किए हैं। इन नए विकल्पों के बारे में अपने हृदय रोग विशेषज्ञ के साथ खुली चर्चा करना आपके हृदय स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छा निर्णय लेने के लिए बेहद मायने रखता है।, एसएमसी अस्पताल, डॉ. सतीश सूर्यवंशी, निर्देशक, हृदय रोग विशेषज्ञ, ने कहा कि अब बिना जटिलताओं के वह अपनी दैनिक दिनचर्या जारी रखने में सक्षम है।ड्रग-कोटेड बलून के संभावित लाभों का एक वास्तविक दुनिया में उदाहरण पहले से स्टेंट की गई धमनी में फिर से संकुचन का उपचार है, एक स्थिति जिसे इन-स्टेंट रेस्टेनोसिस (आईएसआर) के रूप में जाना जाता है। ड्रग-एल्यूटिंग स्टेंट (डीईएस) की उच्च सफलता दर के बावजूद, कुछ रोगियों को विभिन्न कारणों से धमनी में फिर से संकुचन का अनुभव होता है। हाल ही में, एक 46 वर्षीय पुरुष रोगी पिछली स्टेंटिंग प्रक्रिया के तीन महीने बाद ही सीने में दर्द की शिकायत के साथ हमारे पास आया था। उसकी स्थिति का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने के बाद, हमने स्टेंट की गई धमनी को फिर से खोलने के लिए नई ड्रग-कोटेड बलून तकनीक का उपयोग करने का फैसला लिया। एक और धातु का स्टेंट लगाने के बजाय, हमने डीसीबी की मदद से सीधे लक्षित स्थान पर एक चिकित्सीय दवा छोड़ने का विकल्प चुना। उपचार सफल रहा, और मरीज अब अच्छा कर रहा है।

## एम एंड बी इंजीनियरिंग लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**नईदिल्ली।** एम एंड बी इंजीनियरिंग लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी 325 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों के नए निर्गम और 328 करोड़ रुपये तक के ऑफर फॉर सेल के जरिए फंड जुटाने की योजना बना रही है। कुल ऑफर साइज 10 रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों तक है, जो कुल मिलाकर 653 करोड़ रुपये तक है। कंपनी प्री-इंजीनियर्ड बिल्डिंग (पीईबी) और सेल्फ-सपोर्टेड रूफिंग समाधानों में भारत की अग्रणी कंपनियों में से एक है, जिसकी 31 अगस्त, 2024 तक पीईबी के लिए 103,800 एमटीपीए और सेल्फ-सपोर्टेड रूफिंग के लिए 1.8 मिलियन वर्ग मीटर सालाना की प्रभावशाली स्थापित क्षमता है (स्रोत: क्रिसिल रिपोर्ट)। पिछले कुछ वर्षों में, कंपनी ने सामान्य इंजीनियरिंग और विनिर्माण, खाद्य और पेय पदार्थ, भंडारण और रसद, बिजली, कपड़ा और रेलवे सहित विविध उद्योगों के 1,700 से अधिक ग्राहक समूहों के लिए 8,700 से अधिक परियोजनाओं को पूरा किया है। हमारे कुछ उल्लेखनीय ग्राहकों में अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड, अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड, अदाणी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड, एआईए इंजीनियरिंग लिमिटेड, एलेम्बिक फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड, बालाजी वेफर्स प्राइवेट लिमिटेड, एलेकॉन इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड, गुजरात टी प्रोसेसर्स एंड पैकर्स लिमिटेड, इंटास फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड, लुबी इंडस्ट्रीज एलएलपी, पीएसपी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड, एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, अरविंद लिमिटेड, इंडक्टोथर्म (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, हल्दीराम फूड्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, एसएमसी पावर जेनरेशन लिमिटेड, ओरिएंटल रबर इंडस्ट्रीज लिमिटेड, श्री राम इंडस्ट्रीज, सत्यम प्लास्टफैब प्राइवेट लिमिटेड और लक्ष्मी हाइड्रोलिक्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2024 में, कंपनी ने भारत में सेल्फ-सपोर्टेड स्टील रूफिंग समाधानों के लिए राजस्व में सबसे बड़ी कंपनी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया।

# कोहली से प्रेरित हैं भारतीय महिला टीम की राधा यादव



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** मार्च में महिला प्रीमियर लीग 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में, जेमिमा रोड्रिग्स ने खुलासा किया कि बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव की यूट्यूब व्यूइंग हिस्ट्री में 'विराट कोहली की आक्रामकता वाले वीडियो' भरे पड़े हैं। उस समय राधा ने कहा, किसी को थोड़ा उत्साहित होना पड़ता है, और वह मेरा आदर्श है। इसलिए, मैं हमेशा हर मैच से पहले उसे देखती हूं और मैदान में उसके जुनून को देखती हूं। मैं वास्तव में उससे बहुत जुड़ सकती हूं और इसलिए मैं उनके वीडियो देखती हूं। अब, यूएई में महिला टी20 विश्व कप शुरू होने में 10 दिन से भी कम समय बचा है, सफेद शर्ट और काली जींस पहने, राधा क्ला क्लोथिंग के लिए एक विज्ञापन शूट के दौरान मुस्कुराती हुई दिखाई दे रही हैं, जिसका संग्रह उनके अनुसार उनके स्टाइल को दर्शाता है ङ्क सरल लेकिन बोल्ड। मेरे लिए फैशन का मतलब सशक्त महसूस करना है। जब मैं कुछ ऐसा पहनती हूं जो मुझे अच्छा महसूस कराता है, तो मैं उस आत्मविश्वास को अपने साथ लेकर चलती हूं, चाहे वह मैदान पर हो या जीवन में। यह जुड़ाव स्वाभाविक लगता है क्योंकि उनके कपड़े मुझे घूमने-फिरने, सहज महसूस करने और फिर भी स्टाइलिश दिखने की आज़ादी देते हैं, चाहे कोई भी अवसर हो। उसके दाहिने हाथ पर गुलाब और कम्पास वाला टैटू तुरंत ध्यान आकर्षित करता है। राधा टैटू के पीछे का अर्थ साझा नहीं करना चाहती, कहती है कि खेल में उसकी अत्यधिक रुचि ने उसे यह टैटू बनवाने के लिए प्रेरित किया। महिला टी20 विश्व कप के लिए राधा की तैयारी की शुरुआत आसान नहीं रही क्योंकि अगस्त के अंत में गुजरात के वडोदरा में बाढ़ के दौरान उसे एनडीआरएफ द्वारा बचाया जाना था। वास्तव में दो-तीन दिनों तक बारिश हुई। बांध में बहुत पानी था और फिर उन्होंने गेट खोल दिए। इसके कारण, शहर का 60 फीसदी हिस्सा पानी में था - मुझे यकीन नहीं है कि यह कम था या ज़्यादा। लेकिन ये सभी चीजें हुईं, और इसके अलावा पीने का पानी खत्म हो गया। हम अपनी बाल्टियों में बारिश का पानी इकट्ठा कर रहे थे। राधा ने कहा, इन परिस्थितियों के कारण हमें हर दो-तीन घंटे में सिर्फ एक घूंट पानी मिल रहा था। हम कुछ खा भी नहीं पा रहे थे, क्योंकि वॉशरूम में पानी नहीं था। हालात ऐसे थे कि घर हो या बाहर, इतना कुछ होने के बावजूद पानी नहीं था। अब तक, 2024 राधा के लिए एक फलदायी वर्ष रहा है - महिला प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल ) के दूसरे सीज़न में दिल्ली कैपिटल्स के लिए 7.48 की इकॉनमी रेट से नौ मैचों में दस विकेट लिए, जहां वे उपविजेता रहे। इन कारनामों के कारण उन्हें लगभग एक साल बाद अप्रैल-मई में बांग्लादेश के टी20 दौरे के लिए भारतीय टीम के लिए चुना गया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ़ घरेलू सीरीज़ और जुलाई में महिला एशिया कप में अपने कौशल का प्रदर्शन जारी रखा। अब, वह यूएई में अपना चौथा महिला टी20 विश्व कप खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।वह आगे कहती हैं, यह बहुत अच्छा था (इस साल भारतीय टीम में वापस आना)। जैसा कि, मैं हमेशा कहती हूँ, मेरा एकमात्र काम कड़ी मेहनत करना और इसे ईमानदारी से करना है - जैसे प्रशिक्षण, जीतना और बाकी सब कुछ उप-उत्पाद हैं।

## ग्लोबल शतरंज लीग प्रशंसकों के लिए शानदार टूर्नामेंट: निहाल सरीन



**लंदन( एजेंसी )।** ग्लोबल शतरंज लीग का दूसरा सीजन जल्द शुरू होने वाला है। इस बीच भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने कहा कि खेल प्रशंसकों का ध्यान लीग की ओर खींचने के लिए कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। दूसरा सीजन 3 से 12 अक्टूबर के बीच लंदन में होगा और निहाल, जो इस वर्ष नवोदित खिलाड़ी के रूप में वापसी करेंगे, उनका मानना है कि वह टूर्नामेंट की प्रकृति का लुत्फ उठाते हैं। 20 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, मैं टूर्नामेंट में वापसी को लेकर काफी उत्साहित हूं, खासकर यह देखते हुए कि पिछले साल सब कुछ कैसा रहा था। इस साल सभी शीर्ष खिलाड़ी भी खेल रहे हैं और इसलिए मैं इसके लिए उत्सुक हूं। अपने पहले सीजन में ग्लोबल शतरंज लीग ने काफी लोकप्रियता हासिल की। पहली फ्रैंचाइज-आधारित शतरंज लीग में कुल छह टीमें शामिल हैं, जिनमें प्रत्येक टीम में छह खिलाड़ी हैं। सभी टीम में एक आइकन खिलाड़ी, दो सुपरस्टार पुरुष खिलाड़ी, दो सुपरस्टार महिला खिलाड़ी और एक नवोदित खिलाड़ी शामिल रहता है। निहाल ने आगामी सीजन के लिए अपनी रणनीति पर कहा, इस साल मेरा लक्ष्य अपनी टीम की जरूरतों को अपनी क्षमता के अनुसार पूरा करना है। इस लीग में स्कोरिंग सिस्टम अलग-अलग रंगों में शैली में बदलाव को आमंत्रित करता है, जिससे यह और भी ज्यादा रोमांचक हो जाता है। योजनाएं लगातार विकसित होती रहती हैं। हालांकि अन्य खेलों को ट्रैक करना मुश्किल है, लेकिन मैं खिलाड़ियों की कुछ चालों से कुछ चीजें सीखने की कोशिश करता हूं ताकि यह पता चल सके कि क्या चल रहा है। दुबई में ग्लोबल चेस लीग के पहले सीजन ने दुनिया भर के शतरंज प्रशंसकों की कल्पना को आकर्षित किया।

## ऑस्ट्रेलियाई चुनौती का सामना करने को लेकर आया कप्तान हरमनप्रीत कौर का बयान

### कहा-टूर्नामेंट में अपना छाप छोड़ने के लिए यह सबसे अच्छी टीम



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भरोसा जताया है कि टीम अगले महीने होने वाले महिला टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलियाई चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट में अपना छाप छोड़ने के लिए यह सबसे अच्छी टीम है। भारतीय कप्तान का मानना है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम भी इस बात से अवगत होगी कि हम उन्हें मजबूत चुनौती दे सकते हैं। महिला टी20 विश्व कप की शुरुआत यूएई में तीन अक्तूबर से हो रही है। हरमनप्रीत की टीम को मुख्य चुनौती इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया से मिलेगी जिन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में भी आईसीसी प्रतियोगिताओं में भारत को हराने का तरीका ढूंढ लिया है। भारतीय कप्तान का लक्ष्य अच्छा क्रिकेट खेलना और ऑस्ट्रेलिया जैसी कठिन टीम को हराना है। वर्ष 2009 में टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से भारत केवल एक बार 2020 में फाइनल में पहुंचने में सफल रहा है और तब उसे खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। भारत ने 2017 में महिला वनडे विश्व कप फाइनल भी खेला और वहां भी उपविजेता रहा। हरमनप्रीत दोनों टीमों का हिस्सा रहीं और उन्होंने 2020 टी20 विश्व कप में टीम का नेतृत्व भी किया था। टी20 विश्व कप के लिए रवाना होने से पहले हरमनप्रीत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, इसमें कोई शक नहीं है कि ऑस्ट्रेलिया की टीम अच्छी है। वे यह भी जानते हैं कि भारत उन टीमों में से है जो उसके सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकती है। मुझे लगता है कि यह काफी सकारात्मक है। हमें पता है कि जब भी हम उनके खिलाफ खेलेंगे तो हम उन्हें किसी भी दिन हरा सकते हैं।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस 2024 पर पर्यावरणीय निरंतरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की



**बैंगलोर (एजेंसी):** विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने पर्यावरण निरंतरता के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इधर कुछ वर्षों में, टीकेएम ने सचेत रूप से निरंतर जारी रहने वाले व्यावसायिक प्रथाओं को अपनाया है और एक कार निर्माता से मोबिलिटी कंपनी में बदल रही है। 'पृथ्वी के प्रति सम्मान' के अपने सिद्धांत के अनुसार, टोयोटा ने अक्तूबर 2015 में वैश्विक स्तर पर 'टोयोटा पर्यावरण चुनौती 2050' (टीईसी 2050) की घोषणा की, जिसमें छह पर्यावरणीय चुनौतियाँ शामिल हैं। तीन चुनौतियों का पहला सेट हमारे उत्पादों और विनिर्माण गतिविधियों सहित इसकी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला से कार्बन तटस्थता प्राप्त करने पर केंद्रित है। बाद की तीन चुनौतियों का उद्देश्य शुद्ध सकारात्मक प्रभाव पैदा करना है। टीईसी 2050 के साथ तालमेल में, टीकेएम की बहुआयामी रणनीति ऐसे अभिनव समाधान प्रदान करना जारी रखे हुए है जो उत्पाद और सेवा पेशकशों से परे हैं। इसमें प्रकृति संरक्षण (जैसे वनरोपण, देसी जैव विविधता की खेती आदि), संसाधन दक्षता (जल, सामग्री और ऊर्जा प्रबंधन) तथा रीसाइक्लिंग और पुन: उपयोग पहल आदि को आगे बढ़ाने और बहुत कुछ के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। इसके अलावा, कंपनी के पर्यावरण के प्रति जागरूक प्रयास न केवल पर्यावरण में सकारात्मक योगदान देने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, बल्कि विभिन्न हितधारकों (कर्मचारी, समुदाय, आपूर्तिकर्ता, डीलर, स्कूली बच्चे, आदि) के बीच ऐसे जीवन को बढ़ावा देते हैं जो निरंतर चलता रहे ताकि एक दोबारा उपयोग आधारित समाज को सक्षम बनाया जा सके और 'प्रकृति के साथ सद्भाव' में भविष्य का एक समाज स्थापित किया जा सके। अपने उत्पाद पोर्टफोलियो के तहत, टीकेएम देश के वर्तमान ऊर्जा मिश्रण, बुनियादी ढांचे की तत्परता और अद्वितीय उपभोक्ता आवश्यकताओं के आधार पर एक बहु-मार्ग दृष्टिकोण (एक्सईवी - हाइब्रिड इलेक्ट्रिक, प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक, फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन, आदि) को अपनाकर कार्बन-तटस्थ लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में व्यावहारिक गतिशीलता विकल्प प्रदान करना जारी रखता है।

## 18 वर्षीय द्रोण देसाई ने खेली 498 रन की पारी, हासिल की बड़ी उपलब्धि



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** बीते मंगलवार को गुजरात के गांधीनगर में दीवान बल्लूभाई कप अंडर-19 मल्टी-डे टूर्नामेंट के दौरान अविश्वसनीय पारी देखने को मिली।दरअसल, सेंट जेवियर्स स्कूल के द्रोण देसाई ने जेएल इंग्लिश स्कूल के खिलाफ 498 रन की पारी खेलकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया।18 वर्षीय ये बल्लेबाज 500 रन की पारी खेलने से चूक गया।बता दें, यह वार्षिक टूर्नामेंट सेंट्रल बोर्ड ऑफ क्रिकेट अहमदाबाद द्वारा आयोजित किया जाता है जो गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत आता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस ऐतिहासिक पारी के बाद देसाई ने कहा, मैदान में कोई स्कोरबोर्ड नहीं था और मेरी टीम ने मुझे सूचित नहीं किया कि मैं 498 रन पर बल्लेबाजी कर रहा हूं। मैं अपना स्ट्रोक खेलने गया और आउट हो गया लेकिन मुझे खुशी है कि मैं उन रनों को बनाने में कामयाब रहा। उन्होंने अपनी मैराथन पारी में 320 गेंदों का सामना किया, जिसमें 7 छक्के और 86 चौके शामिल थे। गुजरात से ताल्लुक रखने वाले देसाई जूनियर स्तर पर लगातार अच्छा खेल रहे हैं।अंडर-14 स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके देसाई की हालिया पारी चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित करने वाली है क्योंकि वह गुजरात की अंडर-19 टीम में जगह बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

## अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 में एसएमबी 9,500 से ज़्यादा नए उत्पाद करेंगे लॉन्च

**बैंगलोर ( एजेंसी )।** अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 के लिए एसएमबी ने 9,500 से ज़्यादा नए उत्पाद लॉन्च किए हैं। ये एसएमबी, अमेज़न के कारीगर, सहेली, लोकल शॉप्स और लॉन्चपैड जैसे विक्रेता कार्यक्रमों का हिस्सा हैं। एल्पाइनो, फूल, आज़ोल, ताशा क्राफ्ट जैसे ब्रांड, अमेज़न.इन पर अपने अनूठे उत्पाद प्रदर्शित करेंगे और भारत में 100त्न सेवा योग्य पिन कोड पर ग्राहकों को इनकी आपूर्ति होगी। अमेज़न.इन घर, रसोई, किराना, परिधान और अन्य श्रेणियों में 16 लाख से ज़्यादा विक्रेताओं के करोड़ों उत्पाद की पेशकश करता है।

अमेज़न ने ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान अपने उत्पादों की ग्राहकों की मांग में अपेक्षित उछाल के लिए विक्रेताओं को तैयार करने के लिए कई पहल और समाधान पेश किए हैं। हाल ही में, इसने 9 सितंबर से मार्केटप्लेस पर कई उत्पाद श्रेणियों में बिक्री शुल्क (सेलिंग फीस) में उल्लेखनीय कटौती की घोषणा की, ताकि विक्रेताओं को त्योहारी मौसम की तैयारी के लिए समय पर बढ़ावा दिया जा सके। इस कटौती के साथ, अमेज़न.इन पर विक्रेताओं को विभिन्न उत्पाद श्रेणियों में 3त्न से 12त्न तक की बिक्री शुल्क में कमी का लाभ मिलेगा। इससे उन्हें दिवाली की खरीदारी की भीड़-भाड़ के लिए समय पर अपने परिचालन को अनुकूलित करने और त्योहारों से परे निरंतर सफलता के लिए मंच तैयार करने का मौका मिलेगा। अमेज़न इंडिया के सेलिंग पार्टनर सर्विसेज़ के निदेशक, अमित नंदा ने कहा, अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल, भारत में हमारा सबसे बड़ा और बहु-प्रतीक्षित शॉपिंग इवेंट है, और हमें इसका 9वां संस्करण पेश करने की खुशी है। हमारा लक्ष्य है, त्योहारी मौसम को सभी के लिए यादगार बनाना और डिजिटल परिवर्तन के ज़रिये अपने विक्रेताओं को सशक्त बनाना, ताकि उन्हें भारत के विभिन्न हिस्सों के ग्राहकों से जुड़ने में मदद मिल सके। 16 लाख से ज़्यादा विक्रेता की ओर से करोड़ों उत्पादों की पेशकश के बीच हमारे ग्राहक पूरे देश में 100त्न सेवा योग्य पिन कोड पर बढ़िया कीमत, व्यापक चयन और विश्वसनीय डिलीवरी की उम्मीद कर सकते हैं। विक्रेताओं को त्योहारी मौसम की तैयारी में और मदद करने के लिए, अमेज़न ने भारत के अलग-अलग हिस्सों में कई सेलर कनेक्ट इवेंट का आयोजन किया और उन्हें अपने मार्केटप्लेस पर ऑनलाइन बिक्री की अलग-अलग बारीकियों के बारे में समझाया और अपनी नेतृत्व टीम से जुड़ने में मदद की। हज़ारों विक्रेताओं ने भाग लिया और अपनी योजनाओं के बारे में बताया, त्योहारी मौसम के लिए अपनी बिक्री रणनीतियों को अनुकूलित करने के लिए विचारों का आदान-प्रदान किया।

## एनर्जी सप्लाई चेन लॉजिस्टिक्स कंपनी ग्लॉटिस लिमिटेड ने सेबी के पास ड्राफ्ट पेपर्स किया दाखिल

**नईदिल्ली।** एनर्जी सप्लाई चेन लॉजिस्टिक्स कंपनी ग्लोटिस ने बाजार नियामक सेबी के पास आईपीओ के लिए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्ट्स (डीआरएचसी) जमा किया है। ग्लोटिस एक अग्रणी मल्टी-मॉडल, एकीकृत लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता है, जिसका विशेष ध्यान ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला समाधानों पर है। यह विभिन्न क्षेत्रों में मल्टीमॉडल क्षमताओं के साथ एंड-टू-एंड लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान करता है, ताकि विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में माल की आवाजाही को अनुकूलित किया जा सके, जिसमें समुद्री माल अग्रेषण; हवाई माल अग्रेषण; सड़क परिवहन; साथ ही अन्य सहायक सेवाएँ, जैसे वेयरहाउसिंग, भंडारण, कार्गो हैंडलिंग, थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स (3क्क) सेवाएँ और कस्टम क्लीयरेंस आदि शामिल हैं। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 के दौरान 95,000 टीईयू को संभाला है। इस आईपीओ के तहत 200 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा इस आईपीओ में दोनों प्रमोटर्स रामकुमार सेंथीवेल और कुट्टपन मनिकान्दन द्वारा 1.45 करोड़ इक्विटी शेयर्स का ऑफर फोर सेल भी शामिल है। नए इश्यू से प्राप्त राशि में से करीब 53 करोड़ रुपये का उपयोग वाणिज्यिक वाहनों की खरीद के लिए पूंजीगत व्यय के लिए तथा 38 करोड़ रुपये का उपयोग कंपनी द्वारा लिए गए कुछ उधारों के आंशिक या पूर्ण पुनर्भुगतान और/या पूर्व-भुगतान के लिए करने का प्रस्ताव रखा है। जबकि शेष धनराशि का उपयोग अधिग्रहण और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का रेवेन्यू 497 करोड़ रूपये था। पिछले तीन वित्त वर्षों के दौरान, कंपनी द्वारा उत्पन्न समुद्री माल ढुलाई की मात्रा वित्त वर्ष 2022 में 58,760 टीईयू से 61.80त्न बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 95,072 टीईयू हो गई, जबकि परिचालन से राजस्व के प्रतिशत के रूप में इसका लाभ मार्जिन वित्त वर्ष 2022 में 3.70त्न से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 6.34त्न हो गया है।

## अब 6 अक्टूबर को होगी प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के लिए प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती की लिखित परीक्षा अब 06 अक्टूबर 2024 को ली जाएगी। पूर्व में इस लिखित परीक्षा का आयोजन 29 सितम्बर को होना था, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित कर 06 अक्टूबर कर दिया गया है। उक्त परीक्षा 06 अक्टूबर को निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में अपराह्न 2 से 4.15 बजे तक होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### हडको क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत 4 पेयजल कूलर स्थापित किए



**रायपुर (विश्व परिवार)।** हडको क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत दिनांक 26 सितंबर 2024 को प्रथम चरण में 120 लीटर की क्षमता के साथ 3 चरण यूवी निस्पंदन के साथ रायपुर में 4 पेयजल कूलर स्थापित किए हैं। इस अवसर पर हडको के डॉ. विवेक, क्षेत्रीय प्रमुख, श्री मोहम्मद अली खान, उप प्रबंधक (आईटी) के साथ-साथ स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे। स्कूलों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है- स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल लालपुर, रायपुर। सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल, फुंडहर, रायपुर। सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल, डुमरतराई, रायपुर एवं सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल, अमलीडीह, रायपुर।

### छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल की संपत्तियों के फ्री-होल्ड में रोक नहीं

**रायपुर (विश्व परिवार)।** यह ज्ञात हुआ है कि, विभिन्न समाचार पत्रों एवं वेबपोर्टल के माध्यम से छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवनों/भूखण्डों के फ्री-होल्ड पर रोक लगाने के संबंध में समाचार प्रकाशित/प्रसारित की गई है। यह स्पष्ट किया जाता है कि, उक्त प्रकाशित/प्रसारित खबर सत्य नहीं है। वर्तमान में कुछ प्रकरणों में राजस्व अभिलेख में धारणाधिकार आवासीय के स्थान पर कृषि प्रदर्शित हो रही है। भविष्य में हितग्राहियों को फ्री-होल्ड पश्चात भूमि के व्यपवर्तन हेतु कठिनाई का सामना न करना पड़े इस हेतु मण्डल द्वारा ऐसे प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व विभाग से समन्वयन कर भूमि के व्यपवर्तन एंव धारणाधिकार में पहले परिवर्तन किये जाने हेतु श्री कुन्दन कुमार (आई.ए.एस.) आयुक्त, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा निर्देश दिये गये है एवं निर्णय लिया गया है कि, कृषि प्रयोजन अंकित भूमि का डायवर्सन पश्चात ही फ्री-होल्ड किया जावें। पुनः स्पष्ट किया जाता है कि, ऐसे भूमि जो आवासीय मद में दर्ज है, वहाँ फ्री-होल्ड की प्रक्रिया यथावत जारी रहेगी। जो भूमि कृषि प्रयोजनार्थ अंकित है, उन भूमियों की फ्री-होल्ड प्रक्रिया डायवर्सन पश्चात ही की जावेगी, ताकि हितग्राहियों को असुविधा ना हो। डायवर्सन की कार्यवाही त्वरित करने हेतु भी हाऊसिंग बोर्ड द्वारा प्रयास किया जा रहा है। मण्डल को आबंटित शासकीय भूमि के अंतर्गत आबंटित भवनों/भूखण्डों के फ्री-होल्ड में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आ रही है। हितग्राही बिना किसी हिचक के फ्री-होल्ड हेतु आवेदन मण्डल के नजदीकी संपदा कार्यालयों में कर सकते है।

## पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए 7 प्रतिशत ब्याज पर मिलेगा ऋण

**अध्यक्ष के निर्देश पर एमडी ने ली बैंकर्स मीटिंग**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को आसान बनाने तथा आम जनता की पहुंच में लाने के लिए प्रदेश के ऊर्जा सचिव तथा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष श्री पी.दयानंद के निर्देश पर आज छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीमसिंह कंवर ने बैंकर्स की बैठक आहूत की। जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने 7 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण देने में सहमति जताई। निजी क्षेत्र के बैंकों को भी इस बाबत् कार्यवाही करने हेतु कहा गया।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्रदेश में एक लाख रूपटॉप पावर प्लांट वर्ष 2027 तक लगाने का लक्ष्य है। इस दिशा में सकारात्मक वातावरण बनाने तथा उपभोक्ताओं को योजना का लाभ लेने में कोई तकलीफ न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तथा ऊर्जा सचिव श्री पी.दयानंद द्वारा दिये गये है। आज समस्त सरकारी तथा निजी क्षेत्र के बैकरों की बैठक में बैंक ऋण से संबंधित स्थिति की समीक्षा प्रबंध निदेशक श्री भीमसिंह ने की। सरकारी क्षेत्र के बैंकर्स ने बताया कि उन्हें 7 प्रतिशत की ब्याज दर पर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 3 किलोवाट तक के सोलर पावर प्लांट लगाने हेतु ऋण देने के निर्देश प्राप्त हो चुके है। बैंक शाखाओं में उपभोक्ताओं को सरलता के साथ ऋण प्रदान करने के इंतजाम किये गये है। निजी बैंकों द्वारा यह बताये जाने पर कि उन्हें मुख्यालय की ओर से इस बाबत् निर्देश प्राप्त नहीं हुए है। उन्हें कहा गया कि वे भी अपने-अपने मुख्यालय स्तर से भारत सरकार की इस योजना में सहयोग करने तथा 7 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण सुविधा देने की पहल करे। आपसी समझ से औपचारिकताएं पूरी करने के बारे में भी चर्चा की गई। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री आर.ए.पाठक, श्री संदीप वर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एमडी बड़गैया एवं श्री पी.वी.सजीव, अतिरिक्त महाप्रबंधक (वित्त) श्री गोपीकृष्णा राठी, अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री उमेश कुमार मिश्र, अधीक्षण अभियंता श्री एन.बिम्बिसार तथा विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## रेल मंडल ने सभी स्टेशनों में फूड इनिसियेटिव थीम पर केंटीनों में बेहतर स्वच्छता कार्यक्रम का किया आयोजन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय रेलवे द्वारा इस वर्ष स्वच्छ भारत मिशन के शुभारंभ की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता थीम के साथ स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक मनाया जा रहा है। इसी संदर्भ में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के सभी स्टेशनों, रेलवे परिसरों, पटरियों, कार्य क्षेत्रों तथा गाडियों में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वच्छता ही सेवा अभियान के दसवें दिन आज स्वच्छ फूड इनिसियेटिव थीम पर रायपुर सहित मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों के केंटीन, खानपान स्टॉलों में बेहतर स्वच्छता सुनिश्चित करने गहन स्वच्छता अभियान चलाया गया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी के निर्देशन में रायपुर रेल मंडल के रायपुर, दुर्ग सहित अन्य स्टेशनो में स्थित सभी खानपान स्टॉलों में गहन स्वच्छता निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सामग्री रखने एवं खाना पकाने के बर्तनों कचरों का निपटान के साथ ही साथ स्वच्छता को प्रभावित करने वाली अन्य स्थानों की स्वच्छता की जांच की गई। केंटीन के अंदर कार्य करने वाले वेंडर्स रसोईया सभी का परिचय-पत्र मेडिकल कार्ड एवं समस्त दस्तावेजों की जांच की गई। पैकेट में उपलब्ध खाद्य सामग्रियों की बनने की तिथि, उपयोग करने की तिथि तथा बेचने की दर आदि की जांच की गई। साथ ही खाने के सामानों की गुणवत्ता जांची गई तथा हमेशा ढककर रखने का निर्देश दिया गया। सभी सामानों को निर्धारित दरों में ही बेचने एवं ग्राहकों के साथ हमेशा अच्छा व्यवहार करने की बात भी कही। सभी स्टॉल संचालकों को सूखे एवं गीले कचरों के निष्पादन हेतु अलग-अलग डस्टबिन का सेट हमेशा उपलब्ध रखने एवं कचरों का निपटान नियमित रूप से करने का निर्देश दिया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत कल दिनांक 27 सितम्बर को स्वच्छ भारत सांस्कृतिक उत्सव थीम पर मंडल के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय कला-नृत्य, नुक्कड़-नाटक आदि कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## चार जिलों में नवीन जिला आयुर्वेद कार्यालय की होगी स्थापना

**राज्य शासन से 16 पदों की मिली प्रशासकीय स्वीकृति**

**स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की बेहतरी के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उनके प्रयासों से राज्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र में संसाधनों की वृद्धि और रिक्त पदों पर लगातार भर्तियां की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य अमले में बढ़ोत्तरी और सुविधाओं में इजाफा को लेकर काफी संवेदनशील हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से राज्य के चार जिलों में जिला आयुर्वेद कार्यालय की स्थापना की जा रही है एवं नवीन पदों का सृजन किया जा रहा है।

चिकित्सा शिक्षा (आयुष) विभाग, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य शासन द्वारा मनेंद्रगढ़-चिरमिरी भरतपुर, सूरजपुर, बलरामपुर और कोंडागांव जिले में जिला आयुर्वेद कार्यालय की स्थापना की जा रही है। इसके लिए राज्य शासन ने कुल 16 पदों के सृजन की प्रशासकीय स्वीकृति की प्रदान कर दी है। आदेश के अनुसार प्रत्येक जिले में एक जिला आयुर्वेद अधिकारी, एक लेखापाल/सहायक ग्रेड 2, एक सहायक ग्रेड 3 और एक भृत्य का पद स्वीकृत किया गया है। इस तरह से जिला आयुर्वेद अधिकारी (वेतन लेवल 13) के 4 पद, लेखापाल/सहायक ग्रेड 2 (वेतन लेवल 6) के 4 पद, सहायक ग्रेड 3 (वेतन लेवल 4) के 4 पद और भृत्य (वेतन लेवल 1) के 4 पदों के सृजन की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

## स्वच्छता ही सेवा 2024 : बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर अंचल द्वारा सामूहिक सफाई/स्वच्छता अभियान का आयोजन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, रायपुर अंचल के अंतर्गत कार्यालयों और शाखाओ में विभिन्न स्वच्छता सम्बंधित कार्यक्रम जैसे स्वच्छता प्रतिज्ञा, सामूहिक स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई, वृक्षारोपण आदि का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में, 26.09.2024 (गुरुवार) को, बैंक ऑफ़ बड़ौदा अंचल कार्यालय, रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय और रायपुर शहर शाखाओं की एक टीम ने मरीन ड्राइव, तेलीबांधा, रायपुर में सामूहिक सफाई रायपुर के नगर निगम अधिकारी एवं सफाई मित्र के समन्वय से किया जिसमें बैंक के शीर्ष अधिकारियों के साथ अन्य स्टाफ सदस्य सम्मिलित हुए। श्री दिवाकर पी सिंह- महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख बैंक ऑफ़ बड़ौदा रायपुर अंचल ने मरीन ड्राइव स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया और सभी प्रतिभागियों से देश और धरती माता की भलाई के लिए अपनी जीवनशैली में स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता को अपनाने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर डॉ. रमेश कुमार मोहंती- उपमहाप्रबंधक (अनुपालन एवं आश्वासन), श्री भरतकुमार चावड़ा- उपमहाप्रबंधक (व्यवसाय विकास), श्री किसलय प्रसाद- सहायक महाप्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख रायपुर, श्री मलयकुमार एम पांचाल - सहायक महाप्रबंधक, श्री संदीप कुमार मान- सहायक महाप्रबंधक सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की।

## पॉवर कंपनी में टेबल टेनिस स्पर्धा का आगाज, प्रदेशभर से 8 क्षेत्रीय टीमें ले रही हैं हिस्सा



**28 को होगा समापन, प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर ने कहा- टीम भावना से खेलें**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की कला एवं क्रीड़ा परिषद के तत्वावधान में अंतरक्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ आज डंगनिया मुख्यालय में हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीमसिंह कंवर थे।

उन्होंने कहा कि पॉवर कंपनी अपने कर्मियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पूरे प्रदेश में विद्युत आपूर्ति करने की जिम्मेदारी हम पर है, इस कार्य में लगे हमारे कर्मी स्वस्थ रहें, इसके लिए खेल स्पर्धाओं के आयोजन भी आवश्यक हैं। उन्होंने टेबल टेनिस खेलकर इस प्रतियोगिता की शुरूआत की। साथ ही सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक विकास के साथ-साथ टीम भावना का विकास होता है, जिससे कार्यक्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार होता है।

पॉवर कंपनी मुख्यालय में 28 सितंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के आठ क्षेत्रीय टीमें हिस्सा ले रही हैं। इसमें दुर्ग, जगदलपुर, बिलासपुर, कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, मड़वा के साथ रायपुर सेंट्रल व रायपुर रीजन की टीम शामिल हैं। उद्घाटन समारोह में परिषद के महासचिव कार्यपालक निदेशक श्री एमएस चौहान, कार्यपालक निदेशक श्री केएस मनोठिया, कार्यपालक निदेशक श्री जेएस नेताम, अधीक्षण अभियंता श्री मनोज वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें पूरी ऊर्जा के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में सेंट्रल आब्जर्वर श्री वीके तिवारी और रेफरी श्री सुशांत बोरवांकर एवं एसबी पेंडारकर हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रकाशन अधिकारी गोविन्द पटेल ने एवं आभार प्रदर्शन क्षेत्रीय क्रीड़ा सचिव श्री विनय चंद्राकर ने किया।

## उप मुख्यमंत्री ने नगर निगमों और नगर पालिकाओं के कार्यों की समीक्षा, कहा - काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव ने नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कड़े दिशा- निर्देश देते हुए कहा कि, अधिकारी निर्माण, सप्लाई और खरीदी से इतर अन्य जरूरी कार्यों में भी पूरा ध्यान दें। अधिकारी अपनी जिम्मेदारी समझें, शहरों के विकास और जनसुविधाएं विकसित करने का काम गंभीरता से करें। बैठक मे उन्होंने जोर दिया कि अधिकारी निर्माण, सप्लाई और खरीदी के साथ ही अन्य आवश्यक कार्यों पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा, अधिकारी अपनी जिम्मेदारी समझें और शहरों के विकास तथा जनसुविधाओं को विकसित करने का कार्य गंभीरता से करें। मिली जानकारी अनुसार डिप्टी सीएम ने चेतावनी दी कि अधिकारियों के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को सहन नहीं किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को पुराने ढर्रे से बाहर निकलकर नई कार्य संस्कृति अपनानी चाहिए और अपने कार्यों में सुधार लाना होगा। समीक्षा बैठक में डिप्टी सीएम ने निर्देशित किया कि सभी नगरीय निकायों में कर्मचारियों के लंबित वेतन का भुगतान प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने कहा कि अगस्त और सितंबर माह का वेतन 1 अक्टूबर तक भुगतान किया जाना चाहिए, ताकि समय पर वेतन न मिलने की शिकायतें न हों।साथ ही, उन्होंने सभी नगरीय निकायों से राजस्व वसूली बढ़ाने की अपील की और बड़े बकायादारों से टैक्स वसूलने के लिए कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, गंभीरता और सक्रियता से संग्रहण करें और सभी आयुक्त तथा सीएमओ नियमित रूप से वसूली की समीक्षा करें।






## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अपने परिक्षेत्र में अवस्थित पर्यटन क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर दिया जा रहा पर्यटन को बढ़ावा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारत में रेल परिवहन न केवल एक सुविधाजनक यात्रा का साधन है, बल्कि यह देश के विभिन्न हिस्सों के बीच सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक विविधता को भी दर्शाता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे इसी कड़ी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का मुख्यालय बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित है और इसके तहत मध्य भारत के साथ-साथ दक्षिण पूर्वी क्षेत्रों में रेल सेवा प्रदान की जाती है। यह क्षेत्र पर्यटकों के लिए प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक धरोहर और ऐतिहासिक महत्व से भरपूर है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे परिक्षेत्र में स्थित प्रमुख पर्यटन स्थल**- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में कई प्रमुख पर्यटन स्थल हैं जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इन क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रेलवे ने अनेक सुविधाएं दी हैं।

**अमृत धारा जलप्रपात**- यह जलप्रपात छत्तीसगढ़ राज्य के कोरिया ज़िले में स्थित है। प्रकृति ने इस ज़िले को अपनी अमूल्य निधियों से सजाया और सँवारा है। यहाँ चारों ओर प्रकृति के मनोरम दृश्य बिखरे पड़े हैं। इन्हीं में से एक अमृतधारा जल प्रपात है, जो कि हसदो नदी पर स्थित है। अमृतधारा जल प्रपात एक प्राकृतिक झरना है। यह झरना अनुपपुर-मनेन्द्रगढ़-अम्बिकापुर रेलखंड पर नागपुर रोड स्टेशन के समीप स्थित है।

**चित्रकोट जलप्रपात (छत्तीसगढ़)**- चित्रकोट जलप्रपात भारत का सबसे चौड़ा जलप्रपात है, जिसे



छत्तीसगढ़ का नियाग्रा भी कहा जाता है। यह बस्तर जिले में इंद्रावती नदी पर स्थित है और पर्यटकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। दपूम रेलवे रायपुर स्टेशन से सड़क माध्यम से यहां तक आसानी से पहुंचा जा सकता है।

**बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान**- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत मध्यप्रदेश के उमरिया जिले में स्थित है। यह वर्ष 1968 में राष्ट्रीय उद्यान बनाया गया था। इसका क्षेत्रफल 437 वर्ग किमी है। यहां बाघ आसानी से देखा जा सकता है। यह मध्यप्रदेश का एक ऐसा राष्ट्रीय उद्यान है जो 32 पहाड़ियों से घिरा है। उमरिया स्टेशन बिलासपुर-कटनी रेलमार्ग पर अवस्थित है।

**अचानकमार अभ्यारण्य**- अचानकमार वन्यजीव अभयारण्य छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध अभयारण्यों में से एक है। यहां तेंदुआ, बंगाल टाइगर और जंगली भैंसों जैसे असंख्य लुप्तप्राय प्रजातियां रहती हैं। 557.55 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैला यह जंगल, वन्य जीवन की विविधता से भरा है। यह बिलासपुर स्टेशन से 55 किलोमीटर की दूरी पर उत्तर पश्चिम में स्थित है।

**कान्हा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी**- बालाघाट स्टेशन से लगभग 80 किलोमीटर की दूरी पर सतपुड़ा पहाड़ियों में मैकाल रैंज में स्थित विश्व प्रसिद्ध कान्हा वाल्ड लाइफ सेंचुरी है जो कि 940 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ वन्य जीवों का विशाल अभ्यारण्य है। इस अभ्यारण्य में अन्य पशुओं के अलावा हिरन की अनेक प्रजाजियां, विशेषकर बारासिंघा, काफी संख्या में पायी जाती है। बालाघाट स्टेशन गोंदिया-जबलपुर रेलखंड पर स्थित है। **अमरकंटक**- नर्मदा नदी का उद्गम स्थल होने के कारण अमरकंटक धार्मिक और प्राकृतिक दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। यहां का शांत और सुंदर वातावरण पर्यटकों को आकर्षित करता है। अमरकंटक बिलासपुर-कटनी रेलमार्ग पर स्थित पेंड्रारोड स्टेशन के नजदीक स्थित है।

**पुरखौती मुक्तांगन, नया रायपुर**- पुरखौती मुक्तांगन नया रायपुर स्थित एक पर्यटन केंद्र है। इसका लोकार्पण भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने वर्ष 2006 में किया था। मुक्तांगन 200 एकड़ भूमि पर फैला एक तरह का खुला संग्रहालय है, जहाँ पुरखों की समृद्ध संस्कृति को संजोया गया है। यह परिसर बहुत ही सुंदर ढंग से हमें छतीसगढ़ की लोक-संस्कृति से परिचित करता है। वनवासी जीवन शैली और ग्राम्य जीवन के दर्शन भी यहाँ होते हैं।

### पर्यटन के लिए रेलवे द्वारा सुविधाएं

रेलवे द्वारा पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष अवसरों पर विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के लिए जैसे पुजा एवं छुट्टियों आदि के दौरान स्पेशल गाड़ियां चलाने के साथ अतिरिक्त कोच आदि भी लगाए जाते है, जिनमें यात्रियों को आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलता है। इसके साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाले प्रमुख पर्यटन स्थलों के रेलवे स्टेशनों को आधुनिक यात्री सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे परिक्षेत्र के अंतर्गत पर्यटन के बढ़ते विकास ने क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी पैदा किए हैं। स्टेशनों पर 'वन स्टेशन वन प्रॉडक्ट' के स्टाल की स्थापना से स्थानीय हस्तशिल्प, सांस्कृतिक प्रदर्शन और स्थानीय खानपान के प्रचार-प्रसार होने से भी पर्यटन क्षेत्र में विकास हो रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को लाभ मिल रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे न केवल क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा दे रहा हैं, बल्कि देश-विदेश के पर्यटकों के लिए भी आकर्षण बन रहे स्थानीय पर्यटन केन्द्रों पर रेल सुविधाएं उपलब्ध कराकर पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाते हुए इस क्षेत्र को एक प्रमुख पर्यटन हब के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा हैं।










प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354